हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 14 अगस्त 2026



'अगर आरएसएस की भी आवाज दबाई गई तो मैं उसका विरोध करूंगा'

पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह पर भी बोला बड़ा हमला लोस में नेता प्रतिपक्ष ने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को राजधानी दिल्ली के मावलंकर हॉल में रचनात्मक कांग्रेस कन्वेंशन में राहुल गांधी ने कई मुद्दों पर बात उठाई और उन्हें लेकर सरकार के रुख और रवैये पर टिप्पणी की। राहुल ने इस दौरान बड़ी बात कही। उन्होंने कहा- 'जिस दिन आरएसएस की अभिव्यक्ति को देश से बाहर करने की कोशिश शुरू हुई तो मैं उस दिन मैं उनकी रक्षा करूंगा, क्योंकि उनकी भी अभिव्यक्ति की आजादी है।' राहुल गांधी ने कांग्रेस कन्वेंशन में कहा कि, 'छोटे कारोबारी कभी आरएसएस की असली ताकत हुआ करते थे, लेकिन नोटबंदी और गलत तरीके से लागू जीएसटी ने इसी वर्ग को बड़ा नुकसान पहुंचाया। आरएसएस में कॉरपोरेट असर की शुरुआत प्रमोद महाजन के दौर में हुई और नरेंद्र मोदी ने इस प्रक्रिया को पूरा कर दिया।

खत्म हो चुका है पुराना आरएसएस

राहुल ने कहा, अब पुराना आरएसएस खत्म हो चुका है और संगठन बड़े पूंजीपतियों के हितों के लिए काम करने वाला जरिया बन गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरएसएस और पीएम मोदी दोनों ही उद्योगपतियों और कॉरपोरेट हितों के लिए ही काम कर रहे हैं। राहुल ने यह भी कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग इस ताकत के खिलाफ आवाज उठाने से डरते रहे हैं।

पीएम मोदी रात में सो नहीं पाते

सम्मेलन में राहुल ने एक बार फिर पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा, पीएम नरेंद्र मोदी रात में सो नहीं पाते हैं, भाजपा के चाणक्य अमित शाह संसद सदन में आने से बचते रहे क्योंकि वो पहली बार भारत के लोगों की अभिव्यक्ति महसूस कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक पीएम नरेंद्र मोदी इस्तीफा नहीं देंगे और अमित शाह नहीं हटेंगे, तब तक दोनों नहीं सो पाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह को जगा कर रखेगी।



यह देश एक्सप्रेशन से नहीं रुकेगा अब

गांधी ने आगे कहा, 'अब इन्हें (सरकार) एक बात समझ आ गई है कि यह देश एक्सप्रेशन से नहीं रुकेगा। भारत में बहुत से लोग कायरों की तरह व्यवहार कर रहे हैं। 3000 साल पुराने भारत को समझने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि आज के भारत को समझने की जरूरत है। आरएसएस की अभिव्यक्ति को देश से बाहर करने की कोशिश शुरू हुई तो मैं उस दिन मैं उनकी रक्षा करूंगा क्योंकि उनकी भी अभिव्यक्ति की आजादी है।

राहुल को गवर्नेंस की बेसिक समझदारी नहीं है क्या : रविशंकर

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। भाजपा ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की उद्दंडता से देश नहीं चलेगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि राहुल गांधी को गवर्नेंस की बेसिक समझदारी नहीं है क्या? कभी गृह मंत्री के आदेश पर गोली चलती है क्या? हमने पहली भी कहा था और सरकार ने भी कहा है कि कोई गोली नहीं चली है। प्रसाद ने कहा, राहुल लगातार सरकार से अपनी बात सुनने की मांग कर रहे थे, लेकिन जब गृह मंत्री अमित शाह ने 24 घंटे बातचीत के लिए तैयार होने की बात कही तो राहुल पीछे हट गए। उन्होंने सदन नहीं चलने दिया। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है।



खबर संक्षेप

सोनिया नागरिकता : 29 को आएगा फैसला

नई दिल्ली। बिना नागरिकता हासिल किए मतदाता सूची में नाम शामिल कराए जाने के मामले में सोनिया गांधी के खिलाफ दाखिल रिवीजन पिटीशन पर राऊज एवेन्यू कोर्ट का फैसला टल गया है। अब इस मामले में अदालत 29 अगस्त को अपना फैसला सुनाएगी। सोनिया गांधी के खिलाफ दाखिल याचिका में कहा गया है कि उन्होंने 30 अप्रैल 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल की थी, लेकिन उनका नाम 1980 की मतदाता सूची में पहले से शामिल था। याचिका में सवाल उठाया गया है कि 1980 की नई दिल्ली की वोटर लिस्ट में सोनिया गांधी का नाम किस आधार पर दर्ज किया गया था।



शहीद की पत्नी को 26 साल बाद मिला न्याय

नई दिल्ली। देश के लिए जान गंवाने वाले शहीद वीरों के परिवारों को कई बार अपने हक के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है। इसकी एक बानगी सुप्रीम कोर्ट के एक हालिया फैसले में देखने को मिली है। शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद मोहन सिंह की पत्नी कुलदीप कौर को 26 साल के लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार न्याय मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद सरकार ने शहीद के परिवार को बकाया पेंशन और मुआवजे की बड़ी रकम जारी कर दी है। दरअसल, यह मामला भारत-चीन सीमा से जुड़ा है। 10 जुलाई 2000 को मोहन सिंह एक अहम सड़क निर्माण के दौरान काम कर रहे थे।

आरजी कर रेप, पूर्व विधायक घोष गिरफ्तार

कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर कॉलेज ट्रेनी डॉक्टर से रेप-हत्या के मामले में पूर्व टीएमसी विधायक निर्मल घोष को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उन्होंने पीड़िता के शव की अंत्येष्टि में जल्दबाजी की थी। घोष और दो अन्य लोगों के नाम खड़दह थाने में दर्ज एफआईआर में हैं।पीड़िता के शव को पानीहाटी के एक श्मशान घाट ले जाया गया था और कतार में मौजूद दो अन्य शवों से पहले उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि अंतिम संस्कार की सहमति से जुड़े दस्तावेजों पर माता-पिता या परिवार के किसी सदस्य के बजाय पड़ोसियों के हस्ताक्षर थे।



यूएन ने बड़े पैमाने पर आतंकी खतरों को लेकर दी है चेतावनी

लाल किला ब्लास्ट के पीछे अलकायदा का हाथ, यूएन की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

नवंबर 2025 में दिल्ली के लाल किले के पास हुए बम ब्लास्ट को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की मॉनिटरिंग टीम की रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले के पीछे अलकायदा का हाथ था। यूएन की इस रिपोर्ट में बताया गया है कि हमले को अल-कायदा की ही एक रीजनल ऑफशूट 'अल कायदा इन द इंडियन सबकॉन्टिनेंट' (एक्विस) ने अंजाम दिया था। गौरतलब है कि इस ब्लास्ट से पूरी दिल्ली कांप उठी थी। हमले में 11 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट को एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शन मॉनिटरिंग टीम ने जारी किया हम रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि यह आतंकी गुट दक्षिण एशिया में अपना नेटवर्क तेजी से फैला रहा है और बड़ा खतरा साबित हो सकता है। यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक अल-कायदा का यह ऑफशूट अब बिखरे हुए समूहों के बजाय एक क्षेत्रीय आतंकवादी नेटवर्क के रूप में विकसित हो चुकी है। सुरक्षा एजेंसियों से बचने के लिए यह संगठन बड़ी यूनिट्स के बजाय छोटे-छोटे सेल्स के जरिए काम कर रहा है, जिन्हें ट्रैक करना बेहद कठिन होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक्विस दक्षिण-पूर्वी अफगानिस्तान में सक्रिय रहने के साथ-साथ अब बांग्लादेश में भी पैर पसार रहा है। संगठन अपने नए ऑपरेशनल सेल्स स्थापित करने के लिए बांग्लादेश में घुसने की कोशिश कर रहा है। बता दें कि भारत पहले ही बांग्लादेश को आतंकी संगठनों के नेटवर्क को लेकर चेतावनी दे चुका है।



पिछले साल नवंबर में हुआ था यह अटैक, 11 लोगों की हुई थी मौत

आतंक फैलाने के लिए एआई का इस्तेमाल

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह खुलासा भी हुआ है आतंकवादी संगठन अब हाईटेक हो चुके हैं। रिपोर्ट में आतंकी संगठनों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अत्याधुनिक तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'आतंकी गुट बम बनाने की जानकारी और लक्ष्यों के चयन के लिए चैटजीपीटी जैसे एआई टूल्स का सहारा ले रहे हैं। इसके अलावा आईएसआईएल-के जैसे संगठन तेजी से अपने संदेश को कई भाषाओं में अनुवाद करने के लिए भी एआई का इस्तेमाल कर रहे हैं।' यही नहीं आईएसआईएल जैसे संगठन 'बोटुलिनम टॉक्सिन' और 'साइनाइड' जैसे बायो विपन की तरफ भी आगे बढ़ रहे हैं जो बेहद खतरनाक हो सकते है।

एनआईए ने 3 और आरोपियों पर कसा शिकंजा

इससे पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए ने लाल किले के पास हुए धमाके के मामले में तीन और आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। एनआईए ने जम्मू-कश्मीर के रहने वाले जमीर अहमद अहंगर, तुफैल अहमद भट और मुजफर अहमद को आरोपी बनाया है। बता दें कि अब तक इस मामले में अब तक 13 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। इनमें मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी भी शामिल हैं, जिसकी मौत हो चुकी है। फरार आरोपी मुजफर अहमद, एक डॉक्टर है और उसकी पहचान एक अन्य आरोपी डॉ अदील अहमद राथर के बड़े भाई और अल-कायदा से जुड़ी संस्था के संस्थापक के तौर पर हुई है।

लाल किले पर हाई अलर्ट

भारत के 80वें आजादी दिवस समारोह से पहले, दिल्ली में लाल किले के आस-पास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। प्रधानमंत्री के संबोधन के लिए दिल्ली पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स और नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के लगभग 20,000 जवानों को तैनात किया गया है।

डिजिटल करेंसी का इस्तेमाल कर रहे आतंकी

यूएन के हालिया आकलन में अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े समूहों की केमिकल और बायोलॉजिकल सामग्री हासिल करने में लगातार दिलचस्पी को लेकर भी चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आतंकवादी संगठन फंड जुटाने और उसे इधर-उधर भेजने के लिए डिजिटल करेंसी का भी तेजी से इस्तेमाल कर रहे हैं। निगरानी टीम ने सुझाव दिया है कि प्रतिबंधों का सामना कर रहे आतंकवादी समूहों से जुड़े क्रिप्टोकरेंसी एड्रेस को यूएन के प्रतिबंध उपायों में शामिल करने पर विचार किया जाए।

अंबाला में सिख किसान और पुलिस भिड़े हाईवे जाम, दागे गए आंसू गैस के गोले

हाईवे खुलवाने को लेकर टकराव, डीएसपी का कट गया अंगूठा

अंबाला। हरियाणा के अंबाला स्थित पंजोखरा इलाके में गुरुवार को भारी हंगामा खड़ा हो गया। सिख संगत और पुलिस-प्रशासन के बीच चल रही वार्ता अचानक विफल होने से नाराज सिख संगत ने नेशनल हाईवे-1 (एनएच-1) जाम कर दिया। हाईवे खोलने के लिए टकराव बढ़ा तो सिख-किसान गुरुवार शाम पुलिस से भिड़ गए। वे पंजाब के खालिस्तान विरोधी नेता गुरसिमरन सिंह मंड पर 6 दिन पहले हुए हमले के आरोपियों की रिहाई की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने दोपहर 1 बजे से दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम कर रखा था। देर शाम पुलिस ने हाईवे खुलवाने की कोशिश की तो टकराव हो गया। इसमें अंबाला के एक डीएसपी वीरेंद्र का अंगूठा कट गया, जबकि 6-7 पुलिसकर्मियों को गंभीर चोटें आईं। उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया।



500 प्रदर्शनकारियों पर एफआईआर अब भी अनशन पर बैठे हैं छात्र

एजेंसी ▶▶| रांची

झारखंड छात्र आंदोलन



झारखंड के रांची में छात्रों के विधानसभा मार्च के दौरान हुई उग्र झड़प को लेकर पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने कुल 600 प्रदर्शनकारियों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है, जिनमें 100 नामजद और 500 अज्ञात छात्र व अन्य प्रदर्शनकारी शामिल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, दर्ज एफआईआर में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे 100 प्रमुख प्रदर्शनकारियों को नामजद किया गया है। इसके अलावा 500 अज्ञात छात्रों व अन्य उपद्रवियों को आरोपी बनाया गया है। हालांकि अब रांची के एसएसपी ने एफआईआर की बात खारिज कर दी है। एसएसपी राकेश रंजन ने कहा कि कि किसी के नाम से एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है।

संसद से मिली जानकारी, पिछले साल 2025 में ऐसे कुल 14 मामले सामने आ चुके हैं

दुनिया में अमेरिका में सबसे ज्यादा हमलों के शिकार हुए भारतीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हर लिहाज से दुनिया के सबसे विकसित और सुरक्षित माने वाले देशों में शुमार अमेरिका को लेकर एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। जिसमें यह पता चला है कि वहां पर रह रहे भारत के लोग बहुत अधिक सुरक्षित नहीं हैं। पिछले साल 2025 की ही बात करें तो देश के कुल 14 लोगों के खिलाफ हमले (हिंसा, नस्लीय हमले हो सकते हैं) की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जो कि बाकी देशों की तुलना में सबसे ज्यादा हैं। इन सभी को लेकर हालांकि अमेरिका प्रशासन द्वारा जांच-पड़ताल का काम किया गया है। भारत ने कूटनीतिक माध्यमों के जरिए इन मामलों को बेहद गंभीरता से लिया है। यह जानकारी संसदीय दस्तावेज से मिली है।

पिछले 5 वर्षों में दर्ज किए गए 33 मामले

वर्ष 2025 के साथ-साथ इसके पहले के चार वर्षों की स्थिति देखें तो अमेरिका में भारतीयों के लिए हालात कमोबेश चिंता वाले ही नजर आते हैं। दस्तावेज के मुताबिक, 2021 से 2025 तक के पांच वर्षों के दौरान ऐसा एक भी वर्ष नहीं गुजरा। जब अमेरिका में भारतीयों पर हमले की कोई घटना सामने न आई हो। 2021 में ऐसी 1 घटना हुई थी। जबकि इसके ठीक अगले साल यानी 2022 में यह आंकड़ा बढ़कर 6, 2023 में फिर से 1 और उसके बाद 2024 में अचानक बढ़कर 11 तक जा पहुंचा।

राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों पुरस्कृत

अनूप रंजन को मिला संगीत नाटक अकादमी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के जाने-माने संस्कृतिकर्मी और पद्मश्री से सम्मानित अनूप रंजन पांडेय को गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने देशभर के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों को सम्मान प्रदान किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अनूप रंजन पांडेय ने इसे छत्तीसगढ़ के आदिवासी कलाकारों और प्रदेश की जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि भर नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की लोक एवं आदिवासी कला-संस्कृति से जुड़े हजारों कलाकारों की साधना का सम्मान है।



2500 लोकगीत-गाथाएं और 175 लोकवाद्य सहेजे

पद्मश्री अनूप रंजन पांडेय ने छत्तीसगढ़ की मौखिक और वाचिक परंपराओं को सहेजने का भी काम किया। उन्होंने प्रदेश के 2500 लोकगीत, लोकगाथा और लोकवार्ताओं, 150 नाचा के नकल-प्रहसनों और 175 लोकवाद्यों का संकलन किया। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद उन्होंने 80 लोकवाद्य महंत घासीदास संग्रहालय और संस्कृति विभाग को दिए।



बंगाल की घटना, नेताजी सुभाष चंद्र बोस पर टिप्पणी की मिली सजा!

अपने ही सांसद से भाजपा सरकार ने ले लिया अवॉर्ड वापस

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सांसद अनंत महाराज ने की थी विवादित टिप्पणी, मचा है बवाल | शुभेंदु ने कहा- नेताजी का अपमान कोई भी करे नहीं बख्शा जाएगा

पश्चिम बंगाल सरकार ने बीजेपी के राज्यसभा सांसद अनंत महाराज उर्फ नागेंद्र रॉय से 'बंग विभूषण' सम्मान वापस लेने का फैसला किया है। सामने आया है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस को लेकर अनंत महाराज की ओर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद राज्य सरकार ने यह कार्रवाई की है। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार ने इसी साल फरवरी में अनंत महाराज को 'बंग विभूषण' से सम्मानित किया था। राज्य सरकार द्वारा बंग विभूषण वापस लेकर यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के सम्मान से जुड़े मामलों में ऐसी टिप्पणियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

फरवरी में मिला था बंग विभूषण

अनंत महाराज को 21 फरवरी 2026 को 'बंग विभूषण' सम्मान दिया गया था। यह सम्मान पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार की ओर से प्रदान किया गया था। बंग विभूषण पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दिया जाने वाला प्रमुख नागरिक सम्मान है।



सीएम शुभेंदु ने दी चेतावनी : उधर, इस पूरे मामले पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दो टूक और कड़े शब्दों में अपनी बात रखी है। अपनी ही पार्टी के सांसद की विवादित टिप्पणी पर सीएम शुभेंदु ने साफ तौर पर कहा है कि कानून व्यवस्था देश और राज्य के हर नागरिक के लिए बिल्कुल बराबर है। चाहे कोई भी हो। अगर किसी ने हमारे महान स्वतंत्रता सेनानी का अपमान करने की हिम्मत दिखाई है, तो उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

यह था विवादित बयान

दरअसल, नागेंद्र रॉय (अनंत महाराज) ने गांधी-नेहरू के आंदोलनों और आजादी के इतिहास पर सवाल उठाए। उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की प्रासंगिकता को खारिज करते हुए कहा, 'क्या नेताजी के पिता के पास कोई सत्ता थी? या वो खुद आजाद हिंद फौज बना रहे थे? वो सभी असल में ब्रिटिश सेना के भारतीय सैनिक थे। जर्मनों ने उन ब्रिटिश सैनिकों को बंदी बनाया और बाद में नेताजी को सौंप दिया। नेताजी ने उस मौके का सरासर गलत इस्तेमाल किया। उन्होंने ब्रिटिश कालीन कानून व्यवस्था की तारीफ की और कहा, 'हमारे पूर्वजों ने आजाद हिंद फौज के किसी भी व्यक्ति को सजा नहीं दी थी। अगर आज कोई सरकार के खिलाफ हथियार उठाता है, तो उसे मेरा सामना करना पड़ेगा। ब्रिटिश शासन में भी कड़े नियम-कानून थे। तो फिर आजाद हिंद फौज ने अंग्रेजों के खिलाफ हथियार क्यों उठाए? उस समय उन्हें मृत्युदंड क्यों नहीं दिया गया?'

हरिभूमि

छत्तीसगढ़ | मध्यप्रदेश | हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹115980/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹141650/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹154625/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
ANAND Jewels
Pandri, Raipur

फुलड्रेस रिहर्सल में अश्वरोही और डॉग स्कावाड का धमाल



हादसे में एक जख्मी भी



रायपुर। स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए गुरुवार को पुलिस ग्राउंड पर फुलड्रेस रिहर्सल के दौरान भव्यता के साथ परेड का अद्भूत दृश्य नजर आया। अश्वरोही दल और डॉग स्कावाड के श्वानों की करतब ने मन मोह लिया। प्रदर्शन के दौरान अश्वरोही दल का एक सदस्य जख्मी भी हो गया। दरअसल,जब पुलिस परेड ग्राउंड पर तीसरी वाहनी सशस्त्र बल अमलेश्वर की घुड़सवारी दल द्वारा परेड में स्टैडिंग सैल्यूट, बल्लमबाजी जैसे एक्शन परफार्मेंश का प्रदर्शन किया जा रहा था, तभी बैलेंस बिगड़ने से एक सदस्य गिर गया, जिससे अफरातफरी मच गई। घायल को एंबुलेंस से ले जाया गया।

बिजली कंपनी के कर्जदार सरकारी विभागों से अब चार किस्तों में वसूला जाएगा बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तीन हजार करोड़ से ज्यादा बकाया, पुराना भुगतान के बाद ही प्री पैड प्रणाली



छत्तीसगढ़ सरकार ने सरकारी विभागों के बढ़ते बिजली बकाया और भुगतान व्यवस्था में अनुशासन लाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। राज्य के सभी शासकीय बिजली कनेक्शनों को चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटर आधारित प्री-पैड बिलिंग ⏭शेष पेज 5 पर

नगरीय निकायों को मिली अहम जिम्मेदारी

नई व्यवस्था लागू करने के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। प्रत्येक निकाय को अपने सभी सरकारी बिजली कनेक्शनों का सत्यापन कर उन्हें निर्धारित ग्रुप में शामिल करना होगा। एक प्री-पेड नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो रिचार्ज, भुगतान और पूरी व्यवस्था की निगरानी करेगा। संबंधित अधिकारी का नाम, मोबाइल नंबर और ई-मेल सीएसपीडीसीएल को उपलब्ध कराना होगा।

क्या होगा इसका असर

यह पहली बार है जब राज्य सरकार ने इतने बड़े पैमाने पर सरकारी बिजली उपभोक्ताओं को प्री-पेड प्रणाली में लाने का निर्णय लिया है। यदि यह व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू होती है तो सरकारी विभागों में बिजली बिल भुगतान की संस्कृति बदल सकती है, बकाया पर नियंत्रण मिलेगा और बिजली वितरण कंपनियों की नकदी स्थिति भी मजबूत होने की संभावना है।

अग्रिम रीचार्ज रखना होगा

सरकार ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक नगरीय निकाय आगामी तिमाही की अनुमानित बिजली खपत के आधार पर अग्रिम प्री-पैड रीचार्ज राशि उपलब्ध रखे, ताकि बैलेंस खत्म होने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित न हो। निकायों को प्रत्येक कनेक्शन का डिजिटल रिकॉर्ड भी रखना होगा, जिसमें ग्रुप आईडी, बीपी नंबर, बकाया राशि, भुगतान और उपलब्ध बैलेंस जैसी जानकारी दर्ज रहेगी।

खबर संक्षेप

लाल किले पर कल पहली बार 'वंदे मातरम'

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस



समारोह के दौरान लाल किला परिसर में पहली बार राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' गाया जाएगा, जिसके बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' का गायन होगा। यह कार्यक्रम 'वंदे मातरम' की 150 साल पुरानी विरासत को याद करने का जश्न मनाने के लिए आयोजित किया जा रहा है।

'डिजिटल अरेस्ट' कर 10.74 करोड़ की ठगी

पुणे। 'डिजिटल अरेस्ट' धोखाधड़ी मामले में कथित भूमिका के आरोप में एक 'सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर' को गिरफ्तार किया गया है। इस धोखाधड़ी में पुणे के रहने वाले 82 वर्षीय बुजुर्ग से 10.74 करोड़ रुपए की ठगी की गई थी। साइबर थाने के अधिकारियों ने पिंपले निलख निवासी रोहन जाधव (26) को गिरफ्तार किया है। वह इंस्टाग्राम पर रील बनाने के लिए 'रील-स्टार' के रूप में जाना जाता है। आरोपियों ने सीबीआई अधिकारी बताकर बुजुर्ग से ठगी की।

इंस्टाग्राम ने 10 साल बाद बदला लोगो

नई दिल्ली। इंस्टाग्राम ने करीब 10 साल बाद अपने पहचान वाले



लिखे हुए लोगो यानी वर्डमार्क को बदल दिया है। नया डिजाइन पहले से ज्यादा साफ और मॉडर्न बनाने की कोशिश है, लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों ने ट्रोलिंग शुरू कर दी है। कुछ लोगों को नया डिजाइन पसंद आया है, जबकि कई यूजर्स को इसमें इंस्टाग्राम का पुराना अंदाज ही नहीं दिख रहा।

संसद के मानसून सत्र में नहीं छंटा गतिरोध का बादल, आखिरी दिन सिर्फ एक मिनट चली लोकसभा

हंगामा और बवाल, धरे रह गए सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। 20 जुलाई 2026 को शुरू हुए इस सत्र के दौरान कुल 19 बैठकें हुईं, जिसमें भारी हंगामे और गतिरोध के बीच दोनों सदनों द्वारा कुल 12 विधेयक पारित किए गए। राम मंदिर चढ़ावा चोरी और छात्रों की पिटाई मामले पर विपक्ष की मांग अधूरी रह गई। लोकसभा की आखिरी बैठक सिर्फ एक मिनट चली। पहली बार वंदे मातरम से बैठक शुरू हुई। राष्ट्रगीत के छह अंतरे बजाए गए। इसके बाद लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

संसद के मानसून सत्र को गुरुवार अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। दोनों सदनों में विभिन्न मुद्दों पर गतिरोध कायम रहने के कारण लोकसभा और राज्यसभा की कार्य उत्पादकता क्रमशः 19 तथा 39 प्रतिशत रही। अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर चर्चा और दिल्ली में प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण दोनों सदनों में लगातार गतिरोध बना रहा। इसे दूर करने के लिए विपक्ष एवं सत्ता पक्ष के बीच अंत तक सहमति नहीं ⏭शेष पेज 5 पर

राज्यसभा में 37 घंटे और 49 मिनट कामकाज

राज्यसभा की बैठक को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने से पहले सभापति सी पी राधाकृष्णन ने अपने पारंपरिक संबोधन में बताया कि सदन में कुल 37 घंटे 49 मिनट ही कामकाज हुआ। उन्होंने कहा कि बार-बार होने वाले व्यवधानों का असर अंततः लोगों के विश्वास और उनकी आकांक्षाओं पर पड़ता है।



आखिरी दिन मौजूद रहे मोदी, शाह और राहुल

संसद का मानसून सत्र गुरुवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। आखिरी दिन लोकसभा की कार्यवाही सिर्फ 1 मिनट चली, जबकि राज्यसभा करीब 1 घंटे चली। लोकसभा में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पूरी कैबिनेट और विपक्ष के नेता राहुल गांधी मौजूद रहे। स्पीकर ओम बिड़ला ने वंदे मातरम गान के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

- दोनों सदन अनिश्चितकाल के लिए हो गई स्थगित
- लोकसभा की कार्य उत्पादकता 19, राज्यसभा की 39 फीसदी रही
- लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पहली बार वंदे मातरम से हुई शुरू

इन विधेयकों पर लगी मुहर

इस सत्र में 'उच्चतम न्यायालय संशोधन विधेयक, विनियोग विधेयक,न्यायाधिकरण सुधार विधेयक, कराधान एवं अन्य विधियां संशोधन विधेयक, जन्म और मृत्यु का पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, और 'केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम विधेयक, 'बैंककार बही साक्ष्य विधेयक, 'भारतीय सांख्यिकी संस्थान विधेयक, 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास विधेयक और 'खान एवं खनिज विधेयक पारित हुआ।

सोने की छड़, सात बिस्किट के साथ ट्रेन में दबोचे गए दो तस्कर

रायपुर से नागपुर तक चला सर्चिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर,बिलासपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रेलवे सुरक्षा बल की क्राइम ब्रांच रायपुर एवं नागपुर की टीम ने राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई), नागपुर की टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए गाड़ी संख्या 12262 हावड़ा-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस में विदेशी सोने की तस्करी के मामले का पर्दाफाश किया है। संयुक्त टीम ने कार्रवाई के दौरान दो व्यक्तियों को लगभग 1.242 किलोग्राम विदेशी सोने, जिसमें 7 सोने के बिस्किट एवं 1 सोने की छड़ शामिल है, के साथ पकड़ा। बरामद सोने की अनुमानित कीमत लगभग 1.96 करोड़ रुपये है। रेलवे सुरक्षा बल क्राइम ब्रांच नागपुर के निरीक्षक को विश्वसनीय सूत्र से सूचना प्राप्त हुई थी कि उक्त ट्रेन में दो व्यक्ति विदेशी सोना लेकर यात्रा कर रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए रेलवे सुरक्षा ⏭शेष पेज 5 पर



डीआरआई नागपुर के सुपुर्द

दोनों व्यक्तियों को बरामद सोने सहित डीआरआई, नागपुर को सुपुर्द कर दिया गया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध कस्टम एक्ट 1962 की धारा 135 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की विस्तृत जांच डीआरआई, नागपुर, महाराष्ट्र द्वारा की जा रही है।

ग्रीन स्टील पर छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग में 13,840 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

छत्तीसगढ़ के स्टील का प्रदेश में ही हो अधिकतम मूल्य संवर्धन: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ के सहयोग से आयोजित 'छत्तीसगढ़ इंडस्ट्री डायलॉग ऑन ग्रीन स्टील' में 13,840 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश में 10,921 प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ⏭शेष पेज 5 पर



औद्योगिक विकास का विस्तार अब नए क्षेत्रों तक

राज्य सरकार औद्योगिक विकास को रायपुर-भिलाई के परंपरागत औद्योगिक क्षेत्र से आगे प्रदेश के अन्य जिलों तक विस्तार दे रही है। राजनांदगांव, धमतरी, जांजगीर-चांपा और बस्तर जिलों में चार नए औद्योगिक पार्क स्वीकृत किए गए हैं। भारत सरकार ने राजनांदगांव में लगभग 306 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को भी स्वीकृति प्रदान की है।

18 महीनों में 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव

मुख्यमंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 ने निवेश के नए द्वार खोले हैं। पिछले 18 महीनों में लगभग 8 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनमें स्टील और खनन जैसे पारंपरिक क्षेत्रों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा सेंटर, सेमी कंडक्टर, फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाइल और एग्रो-प्रोसेसिंग जैसे बड़े निवेश प्रस्ताव शामिल हैं।



1 घंटे के भीतर पहुंचाना होगा अस्पताल

एंबुलेंस 10 मिनट में नहीं पहुंची तो 10 हजार जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने आपातकालीन प्रतिक्रिया में तेजी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर तैनात एंबुलेंस के वास्ते 10 किलोमीटर के दायरे में मौजूद किसी भी दुर्घटनास्थल पर 10 मिनट में पहुंचने की समयसीमा तय की है। एनएचएआई ने कहा कि तय समयसीमा का पालन नहीं करने पर प्रत्येक मामले में 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जा सकता है। एनएचएआई ने अपने नीतिगत दिशा-निर्देशों में कहा कि एंबुलेंस को टिकट स्वीकार किए जाने के समय से एक घंटे के भीतर दुर्घटना पीड़ितों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाना होगा। उसने कहा कि तय समयसीमा का पालन नहीं करने पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

करीब 3,000 एंबुलेंस तैनात

एनएचएआई के तहत करीब 3,000 एंबुलेंस और 1,000 गश्ती वाहन एवं क्रेन तैनात हैं। ये लगभग 50,000 किलोमीटर लंबे राजमार्गों को कवर करते हैं। सरकार ने पूरे राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) नेटवर्क पर हेल्पलाइन नंबर 1033 शुरू किया है।



चिंतन

असहमति सही, लेकिन न हो विद्वानों का अपमान

लोकतंत्र में असहमति का अधिकार जितना अहम है, असहमति व्यक्त करने की भाषा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। संसद जैसे मंच पर नेताओं के शब्द केवल सदन की चारदीवारी तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वे पूरे समाज के सार्वजनिक संवाद का स्तर तय करते हैं। ऐसे में किसी वैज्ञानिक या शिक्षाविद् की आलोचना करते समय शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखना आवश्यक है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी द्वारा आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटि के संदर्भ में 'गोमूत्र विशेषज्ञ' वाली टिप्पणी पर उठे विवाद को इसी व्यापक संदर्भ में देखा जाना चाहिए। प्रियंका को कामकोटि के गोमूत्र संबंधी विचारों से असहमति हो सकती है। उनके दावों पर वैज्ञानिक सवाल भी उठाए जा सकते हैं, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण यही कहता है कि किसी भी दावे को प्रमाण, शोध और स्वतंत्र परीक्षण की कसौटी पर परखा जाए। यदि कोई दावा वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित नहीं है तो उसे स्वीकार करने का कोई कारण नहीं है, लेकिन किसी व्यक्ति के पूरे अकादमिक व्यक्तित्व को एक टिप्पणी या विवादित दावे के आधार पर परिभाषित कर देना भी उचित नहीं कहा जा सकता। यदि कामकोटि के गोमूत्र संबंधी दावे गलत हैं तो उनका सबसे प्रभावी उत्तर यही होगा कि वैज्ञानिक समुदाय उनके दावों की समीक्षा करे, उपलब्ध शोध की सीमाएं बताए और तथ्य जनता के सामने रखे। विचारों में असहमति हो सकती है, लेकिन विद्वानों का अपमान किया जाना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। इस विवाद के बाद 38 से अधिक देशों में रह रहे भारतीय वैज्ञानिकों सहित 14,000 लोगों का ऑनलाइन अभियान से जुड़ना भी एक संदेश देता है। इससे पहले 215 मौजूदा और पूर्व कुलपतियों तथा शिक्षाविदों द्वारा आपत्ति जताना इस बात की ओर संकेत है कि अकादमिक समुदाय अपने सदस्यों की सार्वजनिक गरिमा को लेकर गंभीर है। हालांकि ऑनलाइन समर्थन की संख्या अपने आप में किसी पक्ष को सही साबित नहीं करती। न ही किसी वैज्ञानिक की प्रतिष्ठा उसके हर विचार को स्वतः सही बना देती है। लेकिन यह जरूर बताती है कि सार्वजनिक जीवन में भाषा और मर्यादा का प्रश्न अब केवल राजनीतिक विवाद नहीं रहा। यहां एक और महत्वपूर्ण बात है। विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के प्रमुख सार्वजनिक पदों पर होते हैं, इसलिए उनके विचारों और कार्यों की कठोर जांच होनी चाहिए। सवाल यह होना चाहिए कि उन्होंने क्या कहा, किस आधार पर कहा और उसके समर्थन में क्या प्रमाण हैं। सवाल यह नहीं होना चाहिए कि व्यक्ति का मजाक कैसे बनाया जाए। संसद में बैठे जनप्रतिनिधियों से समाज को इसी परिपक्वता की अपेक्षा होती है। राजनीतिक विरोधियों पर तीखी टिप्पणी करना लोकतांत्रिक राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन किसी शिक्षाविद् या वैज्ञानिक की प्रतिष्ठा पर व्यक्तिगत कटाक्ष स्वस्थ परंपरा नहीं हो सकती। आज जरूरत ऐसी राजनीति की है जो विज्ञान से सवाल पूछे, लेकिन विज्ञान का मजाक न बनाए, ऐसी अकादमिक दुनिया की है जो आलोचना स्वीकार करे, लेकिन तथ्यों से जवाब दे और ऐसे सार्वजनिक संवाद की है, जिसमें असहमति तल्ख हो सकती है, मगर भाषा गरिमाहीन नहीं। लोकतंत्र में किसी विचार को कठघरे में खड़ा करने की पूरी आजादी होनी चाहिए, लेकिन व्यक्ति की गरिमा को कठघरे में खड़ा करना लोकतांत्रिक बहस की ताकत नहीं, उसकी कमजोरी है। असहमति जितनी धारदार हो, भाषा उतनी ही जिम्मेदार होनी चाहिए। इसलिए संसद जैसे मंच पर नेताओं को सोच-समझकर और तथ्यों के साथ बात रखनी चाहिए।



विभाजन विभीषिका
डॉ. चंद्र त्रिखा

दर्द, त्रासदी और विरासत का स्मरण

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारतीय इतिहास का एक ऐसा पन्ना है, जिसे हर बार पलटने पर केवल खून और आंसुओं के निशान ही दिखाई देते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं और धार्मिक उन्माद ने किस तरह एक हंसते-खेलते उपमहाद्वीप को आग के हवाले कर दिया था। वर्ष 1947 में 14 और 15 अगस्त की मध्यरात्रि को सत्ता का हस्तांतरण हुआ और लाखों लोग अपने ही घर में बेगाने हो गए। इसका प्रभाव इतना भयावह हुआ कि हम आज तक भी विभाजन-विभीषिका से उत्पन्न दुःख और त्रासदी से पूरी तरह उबर नहीं पाए। इस त्रासदी में लगभग डेढ़ करोड़ लोग अपने घरों से उजड़ गए, जबकि प्राण खोने वालों की संख्या को लेकर कोई एक राय नहीं है।

चौदह अगस्त यानी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस भारतीय इतिहास का एक ऐसा पन्ना है, जिसे हर बार पलटने पर केवल खून और आंसुओं के निशान ही दिखाई देते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं और धार्मिक उन्माद ने किस तरह एक हंसते-खेलते उपमहाद्वीप को आग के हवाले कर दिया था। वर्ष 1947 में 14 और 15 अगस्त की मध्यरात्रि को सत्ता का हस्तांतरण हुआ और लाखों लोग अपने ही घर में बेगाने हो गए। इसका प्रभाव इतना भयावह हुआ कि हम आज तक भी विभाजन-विभीषिका से उत्पन्न दुःख और त्रासदी से पूरी तरह उबर नहीं पाए। इस त्रासदी में लगभग डेढ़ करोड़ लोग अपने घरों से उजड़ गए, जबकि इस दौरान प्राण खोने वालों की संख्या को लेकर कोई एक राय नहीं है। हालांकि इतिहासकार मानते हैं कि यह आंकड़ा दस से पंद्रह लाख के बीच था।

इस त्रासदी की सबसे बड़ी विडंबना वह सीमा रेखा थी, जिसे सर रैडक्लिफ ने खींचा था। प्रख्यात पत्रकार कुलदीप नैयर ने जब वर्ष 1971 में लंदन में रैडक्लिफ से मुलाकात की थी तो उन्होंने कई चौंकाने वाले खुलासे किए थे। रैडक्लिफ ने इस बातचीत में स्वीकार किया था कि उन्होंने शुरुआत में लगभग पूरा लाहौर शहर भारत के हिस्से में दे दिया था क्योंकि लाहौर में हिंदू और सिख बहुसंख्यक थे। लेकिन बाद में उन्हें यह एहसास हुआ कि यदि लाहौर भी भारत को दे दिया गया तो पाकिस्तान के पास कोई भी बड़ा शहर नहीं बचेगा। इसी सोच के कारण उन्होंने अंतिम समय में अपना फैसला बदल दिया और लाहौर को पाकिस्तान के नक्शे में शामिल कर दिया। रैडक्लिफ के पास इस जटिल काम को पूरा करने के लिए केवल पांच से छह सप्ताह का ही समय था, जो इस भयंकर भूल का एक बड़ा कारण बना। विभाजन केवल धरती या नक्शे का नहीं था, बल्कि यह हर उस चीज का था जिसे बांटा जा सकता था। यह प्रक्रिया कई बार बहुत हास्यास्पद भी हो गई थी। दोनों देशों के बीच अचल संपत्तियों के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों के फर्नीचर, लाइट बल्ब और स्टेशनरी तक का बंटवारा हुआ था। दफ्तरों में कर्मचारी अपने सबसे अच्छे टाइपराइटर छिपाने लगे थे। पुस्तकालयों में रखे गए विश्वकोशों और शब्दकोशों को भी बीच से फाड़ दिया गया, जिसमें अंग्रेजी वर्णमाला के ए से लेकर के तक के अक्षर वाले पन्ने भारत को मिले और बाकी के पन्ने पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। संपत्ति और खजाने के बंटवारे ने भी दोनों देशों के बीच भारी विवाद खड़े किए थे। समझौते के तहत भारत को नकद शेष राशि के रूप में पाकिस्तान को पचहत्तर करोड़ रुपये देने थे, जिसमें से बीस करोड़ रुपये तुरंत दे दिए गए थे और शेष राशि पर लंबा विवाद चला था। सेना के बंटवारे में दो लाख साठ हजार सैनिकों ने भारतीय सेना को चुना और एक लाख चालीस हजार सैनिक पाकिस्तान चले गए। भारत के वायसराय की सोने और चांदी से जड़ी बारह बग्घियों का बंटवारा सिक्का उछाल कर किया गया था। वहीं, वन विभाग के स्वामित्व वाली जॉयमनी नाम की एक कीमती हथिनी को लेकर भारी विवाद हुआ और अंततः पूर्वी बंगाल के हिस्से में गई। विभाजन के दौरान हुए विस्थापन ने मानवता को पूरी तरह से शर्मसार कर दिया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार उस समय हरियाणा-



पंजाब में 65 शरणार्थी शिविर लगे थे, मगर तत्कालीन पुनर्वास मंत्रालय इस संख्या को अधूरी मानता था। यदि शिविरों की पहली पंक्ति पर दृष्टि डाली जाए तो प्रमुख शिविरों में नीलोखेड़ी (कुरुक्षेत्र), कैथल, करनाल, बलदेव नगर कैम्प (अम्बाला शहर), समालखा (पानीपत), सोनीपत, राजपुरा और फाजिल्का (पंजाब) के साथ-साथ दिल्ली के किंग्सवे कैम्प और पुराना किला शामिल थे। इन शिविरों में वितरित राशन, टेंट-वस्त्रों आदि का पूरा विवरण मिल पाना आज भी संभव नहीं है। इस विस्थापन में महिलाओं ने सबसे अधिक और खौफनाक पीड़ा झेली। यह प्रश्न भी अभी तक अनुत्तरित है कि सीमा पर लापता महिलाओं के लिए जो शिविर लगाए गए थे, वहां दर्ज लापता महिलाओं की संख्या कितनी थी। यह आंकड़े 85 हजार तक जाते हैं, मगर मृदुला साराभाई व उनके कुछ सहयोगी यह भी मानते थे कि यह आंकड़ा लाखों में है और लाखों लापता महिलाओं के विवरण मिल ही नहीं पाए।

लाहौर शहर, जो कभी पूरे भारतीय उपमहाद्वीप की सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक हुआ करता था, वह एक झटके में भारत से अलग हो गया। ऐतिहासिक दस्तावेजों के अनुसार लाहौर को भगवान राम के पुत्र लव ने बसाया था और यहां के शाही किले में आज भी लव मंदिर के अवशेष मौजूद हैं। इसी तरह कसूर शहर भगवान राम के दूसरे पुत्र कुश के नाम पर बसाया गया था। आज भी यह सवाल उठता है कि हमारी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत से हमें क्यों काटा गया। क्या हमें सिंध के हिंगलाज माता मंदिर, मुल्तान के आदित्य मंदिर, पाक-पंजाब के कटासराज, लाहौर के जैन मंदिर व श्री ननकाना साहब, पंजा साहब आदि के दर्शनों से वंचित रखा जाना उचित है। विरासत का यह नुकसान यहीं नहीं रुका। लाहौर में मुगल बादशाह जहांगीर के समय के एक ईमानदार सर्राफ छज्जू राम भाटिया का प्रसिद्ध 'छज्जू का चौबारा' हुआ करता था जो सूफी संतों और फकीरों का विश्राम स्थल था, वह अब खंडहर बन चुका है। लाहौर के गुमटी बाजार में स्थित सेठ बुलाकी शाह की हवेली भी कभी अपनी रौनक के लिए जानी जाती थी। इसी बाजार में मशहूर लेखिका अमृता प्रीतम का घर हुआ करता था, लेकिन दंगों की आग ने सब कुछ राख कर दिया। सिंधु घाटी सभ्यता के प्रमुख स्थल मोहनजोदड़ो और हड़प्पा पाकिस्तान के हिस्से में चले गए। वहां से प्राप्त दस दशमलव पांच सेंटीमीटर की नर्तकी की कांस्य मूर्ति आज भी दोनों देशों के बीच विवाद का विषय बनी हुई है। विभाजन विभीषिका दिवस हमें आत्ममंथन करने का एक बहुत बड़ा अवसर देता है। ऐसे में पहला प्रश्न यह है कि भारतीय इतिहास की इस भयावह त्रासदी के लिए जिम्मेदार कौन-कौन थे।

दूसरा प्रश्न यह है कि हमें शुरुआती दौर में विकृत इतिहास क्यों पढ़ाया जाता रहा, जहां जो घटनाओं के लिए खलनायक थे, उन्हें महानायक बनाकर क्यों पेश किया गया। इन सब सवालों के बीच हमें मुख्य शिविर स्थलों पर विभीषिका से जुड़े तथ्यों के संग्रहालय स्थापित करने होंगे ताकि आने वाली पीढ़ियां इस दर्द को समझ सकें। नई पीढ़ी के लिए हमें उस काल की जुझारू पीढ़ी का पूरा विवरण एकत्र करना होगा जो लुटे-पिटे खाली हाथ आए थे। जिन्होंने पानीपत, सोनीपत, अम्बाला, करनाल व दिल्ली आदि स्थानों पर सफलता के लिए सोपान रचे। वे शरणार्थी का चोगा उतार कर पुरुषार्थी बने और उन्होंने नया भारत रचा। ऐसी प्रामाणिक जानकारी नई पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा की मशाल बनेगी। शांति, सद्भाव और आपसी भाईचारा ही उस विभीषिका का सच्चा समाधान है और इसी मार्ग पर चलकर हम अपने राष्ट्र को एक उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

समानता
ममता कुशवाहा



क्या हर भारतीय को बराबर अवसर मिला

भारत ने 15 अगस्त 1947 को राजनीतिक गुलामी की लंबी रात से आजादी हासिल की थी। यह केवल अंग्रेजी शासन से मुक्ति नहीं थी, बल्कि एक ऐसे भारत के निर्माण का सपना भी था, जहां हर व्यक्ति को सम्मान, अधिकार और आगे बढ़ने का समान अवसर मिले। संविधान ने इसी सपने को लोकतंत्र, स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों के रूप में स्वीकार किया। आजादी के 79 वर्ष बाद भारत ने अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन एक महत्वपूर्ण सवाल आज भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या आज हर भारतीय को वास्तव में बराबर अवसर मिल रहा है? क्या किसी बच्चे का भविष्य उसकी प्रतिभा से तय होता है या उसके परिवार की आर्थिक स्थिति, उसके गांव या शहर, उसके लिंग और उसकी सामाजिक पृष्ठभूमि से भी प्रभावित होता है? भारत की आजादी के बाद शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा माध्यम माना गया। स्कूलों और विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी, साक्षरता में उल्लेखनीय सुधार हुआ और शिक्षा आम लोगों तक पहले की तुलना में कहीं अधिक पहुंची। आज गरीब परिवारों के बच्चे भी डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक, अधिकारी और उद्यमी बनने का सपना देख सकते हैं। सरकारी विद्यालयों, छात्रवृत्तियों, आरक्षण और विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं ने वंचित वर्गों के लिए अवसरों के दरवाजे खोले हैं। फिर भी शिक्षा में समान अवसर की मंजिल अभी दूर है। एक ओर ऐसे बच्चे हैं जिन्हें अच्छे निजी स्कूल, इंटरनेट, कंप्यूटर, अंग्रेजी शिक्षा और निजी कोचिंग जैसी सुविधाएं मिलती हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसे बच्चे भी हैं जिनके पास गुणवत्तापूर्ण शिक्षक, पुस्तकें, डिजिटल साधन और शांत वातावरण तक उपलब्ध नहीं है। इसलिए केवल स्कूल में दाखिला मिल जाना शिक्षा की समानता नहीं है; वास्तविक समानता तब होगी जब हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिले। डिजिटल युग ने शिक्षा के अवसरों को बढ़ाया भी है और नई असमानताएं भी पैदा की हैं। ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चे इस डिजिटल अंतर के कारण पीछे रह सकते हैं। आज शिक्षा केवल किताब और कक्षा तक सीमित नहीं है; डिजिटल ज्ञान भी सफलता की महत्वपूर्ण सीढ़ी बन चुका है। इसलिए डिजिटल सुविधाओं तक समान पहुंच अब अवसरों की समानता का आवश्यक हिस्सा बन गई है। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी भारत ने लंबी यात्रा तय की है। आज महिलाएं राजनीति, प्रशासन, सेना, विज्ञान, खेल, उद्योग, शिक्षा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में अपनी क्षमता साबित कर रही हैं।

पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी ने लाखों महिलाओं को सार्वजनिक जीवन से जोड़ा है। बेटियों की शिक्षा के प्रति समाज की सोच में भी बदलाव आया है, लेकिन दूसरी तस्वीर अभी भी चिंता पैदा करती है। अनेक लड़कियां आज भी शिक्षा बीच में छोड़ने, बाल विवाह, घरेलू जिम्मेदारियों, सुरक्षा की चिंता और सामाजिक रूढ़ियों का सामना करती हैं। कई परिवारों में बेटे की शिक्षा को बेटी की शिक्षा से अधिक प्राथमिकता दी जाती है। महिलाओं की कार्यक्षेत्र में भागीदारी, समान वेतन, सुरक्षित वातावरण और निर्णय लेने की स्वतंत्रता के सवाल भी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल महिलाओं को अवसर देना नहीं, बल्कि उन्हें अपनी पसंद और निर्णय के अनुसार जीवन जीने की स्वतंत्रता देना भी है। आखिरकार आजादी का अर्थ केवल यह नहीं है कि हम अपने प्रतिनिधि चुन सकते हैं या अपनी बात कह सकते हैं। किसी लड़की का लिंग उसके अधिकारों को सीमित न करे, किसी ग्रामीण युवा का पता उसकी प्रतिभा के रास्ते में बाधा न बने और किसी व्यक्ति की सामाजिक पृष्ठभूमि उसके भविष्य का फैसला न करे। भारत ने समान अवसर की दिशा में लंबी दूरी तय की है, लेकिन मंजिल अभी बाकी है। आने वाले वर्षों में हमें ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जहां अवसर कुछ लोगों की विशेष सुविधा न होकर हर नागरिक का वास्तविक अधिकार बनें। आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर इसलिए हमें केवल यह नहीं पूछना चाहिए कि हमने कितनी प्रगति की है, बल्कि यह भी पूछना चाहिए कि उस प्रगति का लाभ किस तक पहुंचा है। जब भारत का सबसे गरीब बच्चा भी बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का समान अवसर पाएगा, जब गांव और शहर के बीच अवसरों की खाई कम होगी और जब बेटी और बेटे के भविष्य को समान महत्व मिलेगा, तभी हमारी राजनीतिक आजादी सामाजिक और आर्थिक समानता में बदल सकेगी। यही उस स्वतंत्र भारत की पहचान होगी, जिसका सपना हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने देखा था।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गुरु लोक-परलोक दोनों को सुधारता है



संकलित
दर्शन

यूं ही नहीं, गुरु के महत्व के बारे में समस्त नीति शास्त्र एवं विभिन्न ग्रंथों में बखान किया गया है। गुरु व्यक्ति की रक्षा करता है तथा सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। शिष्य के लिए परमात्मा के समान ही गुरु नहीं है, बल्कि साक्षात परमात्मा ही हैं। अगर शिष्य गुरु के प्रति पूर्ण समर्पित हो, तो गुरु के मार्गदर्शन से शिष्य का जीवन रूपांतरित हो जाता है। मनुष्य का जीवन पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ सही मार्गदर्शन और अनुभव से रूपांतरित होता है। गुरु शिष्य के भीतर छिपी संभावनाओं को पहचानकर उन्हें जागृत करते हैं। गुरु के सान्निध्य में शिष्य के विचार, व्यवहार, दृष्टिकोण में धीरे-धीरे परिवर्तन आने लगता है। जहां पहले शिष्य के मन में अहंकार, भ्रम, भय, अस्थिरता थी, वहीं गुरु के मार्गदर्शन से विनम्रता, आत्मविश्वास आदि का विकास होता है। कबीर कहते हैं कि, यदि समस्त पृथ्वी को कागज, जंगलों को लेखनी और सारे समुद्र को लिखने वाली स्याही बनाकर गुरु के गुणों का वर्णन करना चाहूं तो भी उसके अनंत गुण लिखे नहीं जा सकते हैं। सब धरनी कागद करूं लेखनि सब बनराय। सात समुंद की मसि करूं गुरुगुन लिखा न जाए। गुरु की प्रशस्ति में कबीर का यह कथन भी इसी बात की पुष्टि करता है कि गुरु गोविन्द के समकक्ष ही नहीं, कुछ अधिक ही हैं। गुरु हैं बड़े गोविन्द तें, मन में देखु विचार। हरि सुमिरै सो बार है गुरु सुमिरे सो पार। यानी परमात्मा से केवल परलोक सुधरता है, परन्तु गुरु लोक-परलोक दोनों को सुधार देता है।

जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
प्रेरणा

गौतम बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनके शिष्यों में से एक शिष्य ऐसा भी था जो किसी से ज्यादा बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ही ध्यान देता था। काम पूरा होने के बाद वह एकांत में चला जाता और ध्यान में बैठ जाया करता था। कुछ शिष्यों ने गौतम बुद्ध से एकांत में रहने वाले इस शिष्य की शिकायत कर दी। जब धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी, तब बुद्ध ने सोचा कि उससे बात करनी चाहिए। एक दिन उस शिष्य से बुद्ध ने पूछा, 'तुम अन्य शिष्यों से ऐसा व्यवहार क्यों करते हो? सभी शिष्य तुम्हारी शिकायत कर रहे हैं।' शिष्य ने ध्यान से महात्मा बुद्ध की बात सुनी, फिर क्षमा प्रार्थना के स्वर में उनसे बोला, 'तथागत, मैंने यह तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा? 'उस शिष्य की ये बातें सुनकर बुद्ध को भी आश्चर्य हुआ। वह उसका आशय तो तत्काल समझ गए, उसकी साधना और लगन की गहराई से प्रभावित भी हुए, लेकिन उससे कुछ और नहीं बोले। उसके जाने के बाद बुद्ध ने अन्य शिष्यों को समझाया, 'तुम सबने इस एकांतप्रिय शिष्य की गलत शिकायत की है। तुम लोगों ने उसे जाने बिना उसके बारे में अपनी गलत राय बना ली। तुमने देखा कुछ और, समझा कुछ और। हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। पहले उस व्यक्ति से मिलें, उसकी गतिविधियों को देखें।

अंतर्मन



आज की पाती

भारत विभाजन की त्रासदी

1947, 14 अगस्त भारत का विभाजन एक अभिशाप था। यह केवल मात्र भारत की आत्मा पर चोट नहीं थी, बल्कि प्रत्येक भारतीय की अखंडता पर चोट थी, लाखों परिवार जो पंजाब-सिंध से नाता रखते थे, एक झटके में बेघर हो गए। इन परिवारों की आत्मा भारत माता के साथ जुड़ी थी। उनकी जमीन पाकिस्तान में जाते हुए पंजाब, सिंध, सियालकोट, गुजरांवाला में रह गई। परदादा, परदादी, दादा, दादियों द्वारा सुनाई गई कहानियों पर वह विभाजन का इतिहास सभी स्मरण करते हैं। वह पंजाब की गलियां, घोड़ा गाड़ियां, रेलवे स्टेशन, ईंटों के घर, आज भी सभी को याद है। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एक ऐसा दिन है जब विभाजन के समय हुए सभी अत्याचारों को हम स्मरण करते हैं। – *मनोज कुमार, रायपुर*

ट्रेंड

तिरंगा हर भारतीय का गौरव



तिरंगा हर भारतीय का गौरव है; यह हमारी आज़ादी, एकता और हमारे नायकों के बलिदान का प्रतीक है। मैं सभी भारतीयों से अपील करता हूँ कि वे इस लोकतांत्रिक उत्सव को और भी खास बनाए, गर्व के साथ तिरंगा फहराएं और सेल्फी साझा करें।
- **जेपी नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्यमंत्री

वंदे मातरम्



लोकतंत्र के सर्वोच्च मंदिर संसद में पहली बार राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का पूर्ण गायन एक ऐसा क्षण है जो सभी भारतीयों को गर्व और देशभक्ति की भावना से भर देता है। यह क्षण आने वाली पीढ़ियों को हमेशा राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों की याद दिलाता रहेगा। -**डॉ. मोहन यादव,** सीएम, मप्र

सामाजिक भेदभाव



बीजेपी के शासन में यह सामाजिक भेदभाव का सबसे घिनौना रूप है: हल्द्वानी में जिस मंच से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाषण दिया, उसे कुछ श्रेष्ठतावादी सोच वाले लोगों ने सिर्फ इसलिए शुद्ध किया क्योंकि खरगे जी दलित समुदाय से आते हैं।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना



आज से पंजाब में 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना' के तहत 3 नए रूट शुरू किए गए हैं: हरिद्वार-ऋषिकेश, मथुरा-वृंदावन और सालासर-खाटू श्याम। सभी को बधाई। तीर्थयात्रियों को एक भी पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा।
-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

करंट अफेयर

तालिबान ने हिरासत में लिया संरा के दो सदस्यों को



अफगानिस्तान में तालिबान शासकों ने देश में संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मिशन के दो अफगान कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। संयुक्त राष्ट्र ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने संवाददाताओं को बताया कि तालिबान के खुफिया महानिदेशालय ने रविवार को पश्चिमी शहर हेरात में दोनों कर्मचारियों को हिरासत में लिया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र मिशन को अब तक यह नहीं बताया गया है कि दोनों व्यक्तियों पर क्या आरोप लगाए गए हैं और न ही मिशन के प्रतिनिधियों को उनसे मिलने की अनुमति दी गई है। हक ने कहा कि मिशन ने तालिबान से 'संयुक्त राष्ट्र और उसके अधिकारियों को प्राप्त विशेषाधिकारों और छूट का पालन सुनिश्चित करने' का आह्वान किया है। अमेरिका और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की सेनाओं के दो दशक के युद्ध के बाद अफगानिस्तान से हटने के दौरान तालिबान ने 15 अगस्त 2021 को देश की सत्ता पर कब्जा कर लिया था। दोनों कर्मचारियों को ऐसे समय हिरासत में लिया गया है, जब गरीबी से जूझ रहे अफगानिस्तान में मानवीय संकट गहराता जा रहा है और तालिबान एवं पाकिस्तानी बलों के बीच सीमा पार संघर्ष की घटनाएं बढ़ गई हैं।

ऑफ बीट

मौत के मुंह से निकला दुर्लभ कछुआ, होगी घर वापसी



समुद्र की विशाल और अथाह दुनिया में कई बार तेज हवाएं और समुद्री तूफान बेजुबान जीवों को उनकी मंजिल से बहुत दूर भटका देते हैं। ऐसा ही कुछ हुआ केम्प्स रिडले प्रजाति के रॉसी नाम के एक बेहद दुर्लभ समुद्री कछुए के साथ। दिसंबर 2023 में ब्रिटेन के वेल्स स्थित एंगलसी के रोसनेग्र समुद्र तट पर यह कछुआ मरने की कगार पर मिला था। लेकिन, दो साल के लंबे और कठिन इलाज के बाद अब यह कछुआ पूरी तरह ठीक हो चुका है। अब इसे करीब 8,000 किलोमीटर का लंबा हवाई सफर तय करवाकर वापस उसके प्राकृतिक घर यानी मेक्सिको की खाड़ी भेजा जा रहा है। इस पूरे मामले की शुरुआत तब हुई थी, जब मेग नाम का एक कुत्ता अपने मालिक के साथ समुद्र तट पर टहल रहा था। अचानक उसकी नजर एक अधमरे और जम चुके कछुए पर पड़ी। उस समय इस छोटे से कछुए की उम्र दो साल से भी कम थी और इसका वजन महज 1 किलोग्राम था। तेज हवाओं और समुद्री तूफानों के कारण यह कछुआ अपने गर्म पानी के प्राकृतिक आवास से भटक कर ब्रिटेन के बेहद ठंडे पानी में आ फंसा था। अत्यधिक ठंड के कारण यह कोल्ड-स्टनिंग नाम की जानलेवा स्थिति का शिकार हो गया था, जिससे इसका पूरा शरीर सुन्न पड़ गया था।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार 14 अगस्त 2026
श्रावण शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 25, अंक : 25
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 31.4
न्यून. 26.2

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



3 आवारापन के फ्लॉप होने से हुई थीं निराश
विचार पेज
दर्द, त्रासदी और विरासत का स्मरण

छत्तीसगढ़ में राज्य गठन से लेकर अब तक फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी के मामले सामने आते रहे हैं, यह क्रम और जांच पड़ताल का सिलसिला जारी है, लेकिन अब सरकार एक बार फिर फर्जियों पर शिकंजा कसने की तैयारी की है। सामान्य प्रशासन विभाग ने कहा है कि सभी विभाग अपने अधीनस्थ कार्यालयों और जिलों से जानकारी एकत्र कर एकीकृत रिपोर्ट तत्काल सामान्य प्रशासन विभाग और आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को भेजें।

खास खबर

फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर नौकरी, जिन पर स्टे नहीं उनको तुरंत बर्खास्त करने का फरमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रिपोर्ट में यह बताना होगा कि फर्जी जाति प्रमाण पत्र के मामलों में अब तक क्या कार्रवाई की गई है और कितने मामलों में सेवा समाप्त की गई या अन्य कार्रवाई लंबित है। यह भी कहा गया है, जिन मामलों में स्टे नहीं है, उनमें बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाये।

छत्तीसगढ़ सरकार ने फर्जी, गलत या झूठे जाति प्रमाण पत्र के आधार पर ⏭शेष पेज 5 पर

कई बार जारी हो चुके हैं निर्देश

11 अगस्त 2026 को जारी नए पत्र में सामान्य प्रशासन विभाग ने याद दिलाया है कि वर्ष 2019 से 2022 के बीच इस विषय पर कई परिपत्र और अनुस्मारक जारी किए गए थे। इसके बावजूद अनेक विभागों से कार्रवाई का अद्यतन विवरण अब तक प्राप्त नहीं हुआ है। इसी कारण सभी विभागों से एक बार फिर प्राथमिकता के आधार पर जानकारी मांगी गई है।

सामान्य प्रशासन ने जारी किया सभी विभागों को आदेश



कोर्ट से स्थगन नहीं है तो सेवा समाप्त करें

सरकार ने पत्र में साफ किया है कि यदि किसी कर्मचारी के जाति प्रमाण पत्र को उच्च स्तरीय छानबीन समिति फर्जी घोषित कर चुकी है और उस मामले में न्यायालय से कोई स्थगन आदेश (स्टे) नहीं है, तो संबंधित विभाग उसकी सेवा अविलंब समाप्त करे। साथ ही सेवा समाप्ति का आदेश जारी करने से पहले संबंधित विभाग को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में कैविएट ⏭शेष पेज 5 पर



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

राम मंदिर सीईओ के लिए पूरा हुआ साक्षात्कार

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पूर्णकालिक सीईओ की नियुक्ति के लिए चयन समिति ने छांटे गए 18 उम्मीदवारों की



साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी कर ली है। समिति द्वारा इस पद के लिए नामों की सिफारिश किए जाने की संभावना है। इससे पूर्व, न्यास के कोषाध्यक्ष गोविंद गिरि ने कहा था कि न्यास, चयन समिति द्वारा तीन नामों की सिफारिश से अंतिम नियुक्ति करेगा।

लद्दाख में चार घंटे के भीतर भूकंप के दो झटके

जम्मू। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में बृहस्पतिवार को करीब चार घंटे के भीतर मध्यम तीव्रता के दो भूकंप आए जिससे स्थानीय लोग घबरा गए। पहला एवं अधिक तीव्र भूकंप सुबह छह बजकर पांच मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 5.5 मापी गई। इसका केंद्र 36.88 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.402 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। भूकंप का केंद्र लद्दाख के लेह में 10 किलोमीटर की गहराई में था।

'छड़ी मुबारक' शारिका भवानी मंदिर पहुंची

श्रीनगर। सालाना अमरनाथ यात्रा के तहत भगवान शिव के प्रतीक के तौर पर केसरिया रंग के वस्त्रों से सजी पवित्र 'छड़ी मुबारक' को



यहां के प्राचीन शारिका भवानी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के लिए ले जाया गया। पूजनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। देवी शारिका भवानी को श्रीनगर शहर की इष्ट देवी माना जाता है, जो हरि पर्वत पर एक शिला के रूप में प्रकट हुई थीं।

सरकारी अस्पताल के शौचालय में मृत मिली नर्स

कोलकाता। कोलकाता के राज्य संचालित एनआरएस मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शौचालय में एक नर्स मृत पाई गई। नर्स बुधवार रात अस्पताल की विशेष निगरानी इकाई में ड्यूटी पर थी। पुलिस ने उसकी मौत की जांच शुरू कर दी है, जबकि स्वास्थ्य विभाग ने भी मामले की जांच के लिए एक अलग टीम गठित की है।

हाईकोर्ट के फैसले को राहुल ने दी चुनौती

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है, जिसमें सीबीआई और ईडी को आय के ज्ञात स्रोत से



अधिक संपत्ति के आरोपों को लेकर उनके खिलाफ जांच करने का निर्देश दिया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ इस मामले पर 17 अगस्त को सुनवाई कर सकती है।

उत्तराखंड में दरके पहाड़ असम में अब तक 103 की गई जान

मौसम लेगा यू टर्न, छत्तीसगढ़ समेत 15 राज्यों में होगी तूफानी बारिश!

- कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश का अनुमान
- अगले 20 घंटे अहम, चलेगी 70 किमी की रफ्तार से हवा

मध्य भारत और बंगाल की खाड़ी के ऊपर वेदर सिस्टम सक्रिय है। ऐसे में अगले 4 दिनों तक कई राज्यों में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत 15 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य ओडिशा में रेड अलर्ट है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/नई दिल्ली

मानसून के बेहद प्रभावी होने के साथ ही भारतीय मौसम विभाग ने डराने वाली चेतावनी जारी कर दी है। मौसम विभाग के अनुसार 14 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, उससे सटे उत्तर प्रदेश और बिहार सहित 15 राज्यों में तूफानी बारिश हो सकती है। झमाझम के सात-साथ इस दौरान 70 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने का भी अनुमान है। इन 15 में से कुछ राज्यों में ओलाबारी भी हो सकती है। इधर, उत्तराखंड में भारी बारिश के बीच चमोली में एक टनल में अचानक पानी भर गया। टनल में काम कर रहे 18 मजदूर अंदर फंस गए। सात मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन देर रात तक जारी रहा।

हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन को लेकर भी चेतावनी जारी की गई है। लोगों से अपील की गई है कि वे घर से निकलने से पहले एक बार मौसम को लेकर जारी अपडेट के बारे में जरूर पता कर लें।

टनल में भूस्खलन, 9 की मौत



उत्तराखंड के चमोली जिले में देर शाम बड़ा हादसा हो गया। अलकनंदा नदी पर निर्माणाधीन विष्णुगाड-पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना की टीआरटी (टेल रेस टनल) में गुरुवार शाम सरिया वेल्डिंग के दौरान भारी भूस्खलन होने से 9 मजदूरों की मौत हो गई। टनल में 28 मजदूर फंसे थे। जिसमें से 18 मजदूर निकाल लिए गए हैं। इनमें से 9 की मौत हुई है। 8 जिला अस्पताल में भर्ती हैं। एक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। अभी भी 10 मजदूरों की तलाश जारी है। वहीं, शुक्रवार को मुख्यमंत्री धामी पीपलकोटी हादसा स्थल का दौरा करेंगे।

पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन का खतरा

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश के साथ पहाड़ी इलाकों में परेशानी बढ़ सकती है। हिमाचल के मनाली, कुल्लू, किन्नौर, सिरमौर, कांगड़ा, सोलन, चंबा और मंडी में तेज बारिश और हवा का अनुमान है। उत्तराखंड में नैनीताल, ऋषिकेश, हरिद्वार, बागेश्वर, पौड़ी गढ़वाल, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा और उधम सिंह नगर में भारी बारिश हो सकती है।

छत्तीसगढ़ समेत इन राज्यों में चलेगी तेज हवा

मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार भारत के 25 राज्यों में तूफानी बारिश का अलर्ट है। इनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब, झारखंड, गुजरात, पश्चिम बंगाल और ओडिशा शामिल हैं। मौसम खराब होने पर 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। बारिश के बाद तापमान भी कम हो सकता है।

ओडिशा में भारी बारिश



पिछले 24 घंटे से ओडिशा में भारी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने पूरे ओडिशा में अत्यधिक भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है। राष्ट्रीय मौसम एजेंसी ने कहा, उत्तर बंगाल की खाड़ी और उससे सटे बांग्लादेश-पश्चिम बंगाल तट पर बना अत्यधिक गहरा निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ गया है।

आधी रात घर में घुसकर पत्थर-नुकीले हथियार से हमला, कमरे में पत्नी तो बाड़े में मिला पति का शव

घर में घुसे बदमाशों ने बुजुर्ग दंपति को मार डाला, चोरी का शक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

परपोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम बुडेरा (कामकावाड़ा) में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात अज्ञात हमलावरों ने घर में सो रहे बुजुर्ग दंपति की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी। थाना से महज तीन किलोमीटर दूर हुई इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतकों की ⏭शेष पेज 5 पर

चोरी की नीयत से हत्या की आशंका

पुलिस को प्रारंभिक जांच में आशंका है कि आरोपी चोरी की नीयत से घर में दाखिल हुए होंगे। बुजुर्ग दंपति के जागने या विरोध करने पर उन पर हमला किया गया होगा। हालांकि पुलिस ने हत्या की वजह की पुष्टि नहीं की है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच जारी है।

पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम बादल पर गुरुद्वारे में हमला

एजेंसी ⏭ नांदेड़

शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख एवं पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल गुरुवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ में कृपाण से किए गए हमले में घायल हो गए। नांदेड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीलाभ रोहन ने कहा, एक निहंग ने गुरुद्वारे के अंदर बादल पर कृपाण से हमला किया। उन्होंने कहा कि हमलावर को हिरासत में ले लिया गया है। बादल को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनके दाहिने हाथ में दो-तीन टांके लगाए गए। उन्होंने बताया कि उनकी हालत खतरे से बाहर है।

- नांदेड़ की घटना, हिरासत में हमलावर



पहले भी हुआ था हमला

दिसंबर 2024 में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक पूर्व आतंकवादी ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के प्रवेश द्वार पर बादल पर गोली चला दी थी। उस व्यक्ति की पहचान नारायण सिंह चौरा के रूप में हुई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

पीएम ने जाना हाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल की पत्नी हरसिमरत कौर बादल से फोन पर बात की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बादल पर हुए हमले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फडणवीस ने बादल को फोन कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

ब्लैक स्पॉट्स की सूची हाईकोर्ट में पेश

एक साल में सड़क हादसों में 6,967 लोगों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले एक साल में सड़क हादसों में 6,967 लोगों की मौत हुई है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल ने लगातार बढ़ रहे हादसों को लेकर नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने मामले में चीफ सेक्रेटरी से नए शपथपत्र के साथ जवाब मांगा है। इससे पहले दिए गए शपथ ⏭शेष पेज 5 पर

बारिश में हाईवे पर बैठे मवेशियों पर नाराजगी

सीजे ने कहा कि बारिश के मौसम में आवारा मवेशी नेशनल हाईवे और मुख्य सड़कों पर बैठे रहते हैं। दिन में स्थिति संभल जाती है, लेकिन रात में लोगों की जान जोखिम में रहती है। ऐसे में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा, क्या पुलिसकर्मियों ⏭शेष पेज 5 पर



अधिसूचित जिले: बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी

खरीफ 2026 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें
धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, अरहर, मूँग, मूँगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी

■ योजना के मुख्य बिंदु :
- कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 2 प्रतिशत
- शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
- ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
- स्थानीय आपदा की स्थिति में-धान फसल में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक मे शामिल नही है
- फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
- कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
- फसल उत्पादन के आधार पर व्यापक क्षति की स्थिति में, राज्य शासन एवं योजना के प्रावधानों के अनुसार फसल क्षति का मूल्यांकन एवं निर्धारण किया जाएगा।
- अनावरी के आंकड़े इस योजना अतंर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे

■ योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :
- ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
- गैर-ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/AIDE-एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
- गैर-ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज-नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।

ऋणी कृषक: ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
- योजना से बाहर होने (Opt-Out) का निर्णय पूरी तरह किसान की इच्छा पर आधारित है। किसी भी किसान को बैंक शाखा द्वारा (Opt-out) के लिये बाध्य नहीं किया जाएगा।
- ऑप्ट-आउट की कार्यवाही केवल एक मौसम-वर्ष के लिए ही लागू होगी; जिसके लिए किसान द्वारा ऑप्ट-आउट घोषणा दी गई है।
- बैंक शाखाएं किसानों द्वारा प्रस्तुत योजना से बाहर होने (Opt-out) की प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र को निरीक्षण/सत्यापन हेतु सुरक्षित रखेंगी।

अऋणी कृषक: अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।

योजना सम्बंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज करने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करे या व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 70655-14447 का उपयोग करे या www.pmfby.gov.in पर जाएँ या क्रॉप इंश्योरेंस मोबाइल एप का प्रयोग करें या अपने निकटतम कृषि कार्यालय, बैंक शाखा, CSC सेंटर या बीमा कंपनी से संपर्क करें।

स्थानीय आपदाओं से बीमित फसल में नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर फसल नुकसान की सूचना देना आवश्यक है।

PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।

योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें

बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व में भजाज आलियांज जनरल इंश्योर कंपनी लिमिटेड के नाम से ज्ञात था), बजाज इंश्योरेंस हाउस, एयरपोर्ट रोड, येरवडा, पुणे - 411006। आईआरडीएआई पंजीकरण संख्या: 113 • सीआईएन: U66010PN2000PLC016529 • यूआईएन: IRDAN113CP0001V02201617 (पीएमएफबीवाय) • www.bajajgeneralinsurance.com • टोल फ्री नंबर: देश - 1800 209 0144 / सार्वि - 1800 209 5858 • बाकिक मानकारी के लिए लोकिम भारत, विश्व और दर्तों को चाहने के लिए कृपया विक्रय्पत्रिका पढ़ें, यह सुनिश्चित करने से पहले। BGI-O-1092/08-07-2026
लोगो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाय), सर्वाधिकार सुरक्षित, फार्ममित्र फैसिलिटी सेवाएं एक विश्वरणात्मक लोगो है, जिसका उपयोग उत्पाद के उद्देश्य को प्रतिष्ठापित करने और सरलीकृत करने के लिए किया जाता है, और यह कंपनी का स्वामित्व लोगो नहीं है।

फुकेत-दिल्ली उड़ान के दौरान गड़बड़ी के बाद एयर इंडिया का बड़ा निर्णय

अब हर पायलट का रोज होगा ड्रग टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एयर इंडिया ने फ्लाइट सेफ्टी को लेकर बड़ा कदम उठाया है। कंपनी अब अपने सभी पायलटों की अनिवार्य ड्रग स्क्रीनिंग करेगी। एयर इंडिया ने कर्मचारियों को भेजे ईमेल में बताया है कि 13 अगस्त 2026 से सभी पायलटों की प्रतिबंधित पदार्थों और दवाओं को लेकर स्क्रीनिंग शुरू की जा रही है। इस प्रक्रिया में एयर इंडिया के साथ-साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट भी शामिल होंगे।

खास खबर



पायलटों को भेजी चिट्ठी

एयरलाइन ने गुरुवार को अपने पायलटों को भेजे एक पत्र में यह फैसला बताया। पत्र में कहा गया है, फिर भी अब हमें लगता है कि इससे आगे बढ़ना जरूरी है।

क्यों लिया गया ऐसा निर्णय

थाईलैंड के फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट के पायलट दौरा गांजा लेने की पुष्टि हुई है।

सरकार का क्या है नियम

मौजूदा डीजीसीए नियमों के तहत, एयरलाइनों को हर साल कम से कम 10 प्रतिशत फ्लाइट क्रू की रैंडम तरीके से साइकोएक्टिव पदार्थों की जांच करनी होती है। एयर इंडिया की नई नीति इस नियम से आगे जाती है, क्योंकि इसमें सभी ग्रुप पायलटों की जांच अनिवार्य कर दी गई है, न कि सिर्फ रैंडम तरीके से चुने गए पायलटों की। एयरलाइन ने कहा कि जांच में उन पदार्थों या दवाओं को शामिल किया जाएगा, जिनकी मौजूदा नियमों के तहत अनुमति नहीं है।



हमारे प्रेरणास्रोत / शिखर चंद जैन

इन बाल-किशोर सेनानियों ने भी किया

देश के लिए प्राणों का बलिदान

आजादी की लड़ाई में केवल बड़ी उम्र के सेनानियों ने ही नहीं, छोटी उम्र के वीर बालकों ने भी बड़े साहस से अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और अपने प्राणों को न्योछावर कर भारत के इतिहास में अपना नाम अंकित किया। स्वतंत्रता दिवस पर जानो ऐसे ही कुछ देशभक्त सेनानियों की वीरगाथाएं।

तिरंगे का रक्षक शिरीष कुमार मेहता



शिरीष कुमार मेहता भारत के एक महान बाल स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी थे। शिरीष ने मात्र 15-16 वर्ष की आयु में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका जन्म 28 दिसंबर 1926 को महाराष्ट्र के नंदुरबार में हुआ था। शिरीष एक गुजराती व्यापारी परिवार की इकलौती संतान थे। उनके परिवार में देशभक्ति का माहौल था। वह बचपन से ही महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारों से बहुत प्रभावित थे। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान 9 सितंबर 1942 को शिरीष ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर अंग्रजों के खिलाफ एक विशाल जुलूस निकाला। शिरीष हाथों में गर्व से तिरंगा थामे सबसे आगे चल रहे थे। जुलूस के दौरान बच्चे राष्ट्रभक्ति के नारे लगा रहे थे- 'नहीं नमशे, नहीं नमशे, निशान भूमि भारतनु' (भारत का झंडा कभी नहीं झुकेगा) और 'वंदे मातरम' जब यह जुलूस नंदुरबार के मंगल बाजार इलाके में पहुंचा, तो ब्रिटिश पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोकने की कोशिश की और निहत्थे बच्चों पर बेरहमी से लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज के बाद भी जब बच्चों का हौंसला टूटा नहीं, तो पुलिस अधिकारी ने बंदूक तान दी। वीर शिरीष सीना तानकर आगे डटे रहे। पुलिस की बर्बर गोलीबारी में शिरीष के सीने में गोलियां लगीं, वह तिरंगे को थामे हुए वही शहीद हो गए। इस साहस और बलिदान के कारण शिरीष को भारतीय इतिहास में 'बाल शहीद' के रूप में हमेशा याद किया जाता रहेगा। शिरीष के साथ उनके चार अन्य साथी- धन्सुखलाल वाणी, घनश्याम दास शाह, शशिधर केतकर और लालदास भी इस घटना में शहीद हुए थे। *



साहस के साथ अंग्रेजों की खिलाफत बाजी राउत





बाजी राउत ओडिशा के ढेंकनाल जिला स्थित नीलकंठपुर गांव के निवासी थे। उनका जन्म 5 अक्टूबर 1926 को एक बेहद गरीब परिवार में हुआ था। बाजी के पिता हरि राउत एक नाविक थे, जिनकी मृत्यु बाजी के बचपन में ही हो गई थी। बाजी ने भी अपनी आजीविका के लिए ब्राह्मणी नदी के घाट पर नाव चलाने का काम शुरू किया था। उस समय ढेंकनाल के स्थानीय राजा और ब्रिटिश हुकूमत के दमन के खिलाफ वहां 'प्रजामंडल आंदोलन' की शुरुआत हुई। क्रांतिकारियों ने बच्चों को एकजुट कर 'वानर सेना' का गठन किया था, जिसका काम अंग्रेजों की गतिविधियों पर नजर रखना और प्रजामंडल का संदेश फैलाना था। 12 वर्षीय देशप्रेमी बाजी राउत भी इस वानर सेना के सक्रिय सदस्य बन गए। 11 अक्टूबर 1938 की रात ब्रिटिश पुलिस, प्रजामंडल आंदोलन के प्रदर्शनकारियों पर अत्याचार करने के बाद ब्राह्मणी नदी पार करने के लिए घाट पर पहुंची। बाजी राउत उस समय नाव की रखवाली कर रहे थे। 'तुम हमारे देश के दुश्मन हो' यह कहकर बाजी राउत ने अंगेजों को अपनी नाव से नदी पार कराने से साफ मना कर दिया। वह प्रजामंडल के अपने साथियों को बुलाने लगे। इस बात से गुस्साए एक ब्रिटिश अधिकारी ने बंदूक की बट से उनके सिर पर वार किया और फिर उन्हें गोली मार दी। महज 12 वर्ष की उम्र में शहीद होकर बाजी राउत भारतीय इतिहास में शहीद के रूप में अमर हो गए। *

निडर-साहसी बिशन सिंह



जनवरी 1872 में, ब्रिटिश सरकार ने मलेरकोटला में कूका आंदोलन (नामधारी सिख आंदोलन) के कई क्रांतिकारियों को बिना किसी मुकदमे के तोपों से उड़ाने का क्रूर आदेश दिया था। 49 नामधारी सिखों को तोप में बांधकर उड़ा देने के बाद, ब्रिटिश डिप्टी कमिश्नर जे. एल. कोवान की नजर 12 वर्षीय बालक बिशन सिंह पर पड़ी। बिशन की कम उम्र देखकर कोवान ने कहा कि यदि वह अपनी देशभक्ति और गुरु का साथ छोड़ने की बात मान ले, तो उसकी जान बख्श दी जाएगी। बिशन ने इस अपमानजनक प्रस्ताव को तुरंत ठुकरा दिया। उन्होंने गुस्से से कोवान की दाढ़ी पकड़ ली। ब्रिटिश सैनिक तमाम कोशिशों के बाद भी ब्रिटिश अधिकारी की दाढ़ी को बिशन के हाथ से नहीं छुड़वा पाए। इससे बौखलाकर सैनिकों ने तलवारों से बिशन के दोनों हाथ काट दिए। बिशन शहीद हो गए। उनका बलिदान भारतीय इतिहास में देशभक्ति, अद्वितीय साहस और अपने गुरु के प्रति श्रद्धा के लिए सदैव याद किया जाएगा। *



सिंध के भगत सिंह हेमू कालाणी



हेमू कालाणी का जन्म 23 मार्च 1923 को अविभाजित भारत के सिंध प्रांत के सक्खर जिले (जो अब पाकिस्तान में है) में हुआ था। वह छात्र संगठन 'स्वराज्य सेना' के प्रमुख नेता थे। अक्टूबर 1942 में हेमू को पता चला कि ब्रिटिश सेना हथियारों और बारूद से भरी एक रेलगाड़ी को सिंध के रास्ते क्रांतिकारियों का दमन करने के लिए भेज रही है। हेमू अपने दोस्तों के साथ आधी रात को रेलवे ट्रैक पर पहुंचे और हथौड़े व अन्य औजारों से पटरियों को उखाड़ने लगे। दुर्भाग्य से, वहां गश्त कर रहे ब्रिटिश पुलिसकर्मियों ने आहट सुन ली और हेमू को पकड़ लिया, जबकि उनके दोस्त भागने में सफल रहे। जेल में भारी यातनाएं देने के बाद भी हेमू ने अपने साथियों के नाम नहीं बताए। महज 19 वर्ष की उम्र में, 21 जनवरी 1943 को उन्हें सक्खर जेल में फांसी दे दी गई। फांसी के फंदे पर चढ़ते समय भी उनके चेहरे पर मुस्कान थी। युवा क्रांतिकारी हेमू कालाणी को 'सिंध का भगत सिंह' भी कहा जाता है। *



असली विजेता

स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल में आयोजित विशेष दौड़ प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त करने वाले सम्यक को असली विजेता का स्पेशल अवार्ड दिया गया। निर्णायक महोदय ने ऐसा निर्णय क्यों लिया?





छोटी कहानी
मीरा जैन

सम्यक के स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडारोहण के बाद एक विशेष दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को तीन सौ मीटर की दूरी पर रखे तिरंगे झंडे को लेकर वापस आना था। तिरंगा लेकर वापस जो बच्चा सबसे पहले निर्धारित स्थान पर पहुंचेगा, उस बच्चे को विजेता घोषित किया जाना था। इस प्रतियोगिता में स्कूल के कई बच्चों के साथ सम्यक ने भी हिस्सा लिया।

नियत समय पर प्रतियोगिता शुरू हुई। सुबह बारिश हुई थी, इस कारण प्रतियोगिता स्थल की जमीन हल्की गीली हो गई थी। तिरंगा लेकर लौटते वक्त गीली जमीन के कारण दौड़ते हुए सम्यक का पैर फिसल गया,वह गिर पड़ा। उसके एक घुटने और कोहनी में काफी चोटें आईं, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी, वह उठ खड़ा हुआ और तिरंगा लेकर दौड़ने लगा। जैसे-तैसे वह चौथे नंबर पर रहा। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए बच्चों को मेडल दिया गया। निर्णायक महोदय ने घोषणा की कि सम्यक को एक स्पेशल मेडल दिया जाएगा। बच्चे चौंके, चौथे स्थान पर आने वाले सम्यक को किस बात के लिए स्पेशल मेडल दिया जा रहा है!

हुआ यह कि दौड़ पूरी होने के बाद निर्णायक महोदय ने सम्यक को मंच पर बुलाकर पूछा, 'इतनी गहरी चोट लगने के बाद भी तुम्हारे चेहरे पर शिकन नहीं आई, तुमने मुस्कराते हुए अपनी दौड़ पूरी की। ऐसा क्यों?'

सम्यक ने जवाब दिया, 'सर, ये देखिए। मेरी एक तरफ की ही कोहनी और घुटने पर चोट लगी है। इस चोट से मैं बच सकता था, यदि मैंने अपना दूसरा हाथ जमीन पर टिका दिया होता। लेकिन दूसरे हाथ में तिरंगा होने के कारण मैंने उस हाथ से खुद को गिरने से बचाने की कोशिश नहीं की। मैंने तिरंगे को जमीन पर छूने नहीं दिया, जमीन से ऊंचा रखा। मैं नहीं चाहता था, हमारा राष्ट्रीय ध्वज नीचे गिरे, उस पर जरा भी गीली-गंदी मिट्टी लगे...।' प्रतियोगिता के निर्णायक के साथ-साथ आयोजन स्थल पर मौजूद सभी अतिथिगण और दर्शक बड़े ध्यान से सम्यक की बातें सुन रहे थे। सम्यक की तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना देखकर सभी ने तालियां बजाकर सराहना की। सम्यक अपनी बात जारी रखते हुए आगे बोला, '..ये छोटी-मोटी चोट तो कुछ भी नहीं है। सर, मेरी इच्छा है कि मैं सेना में जाकर देश की सेवा करूं। वहां कभी अवसर आया तो मैं हंसते-हंसते अपने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर कर दूंगा। मेरा यह मुस्कुराना, मेरे उसी लक्ष्य की तैयारी है।'

सम्यक का जवाब सुनकर पूरा आयोजन-स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से एक बार फिर गूंज उठा। निर्णायक महोदय ने निर्णय लिया, वह सम्यक को स्पेशल अवार्ड देकर सम्मानित करेंगे। इसका अनुमोदन स्कूल कमेटी के अन्य सदस्यों ने भी किया और सम्यक को स्पेशल अवार्ड देकर सम्मानित किया गया, उसे असली विजेता माना। *

कविता / डॉ. कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

मत समझो कमजोर

हम नन्हे-मुन्ने बच्चे हैं मत समझो कमजोर
भारत रूपी इस बगिया में,
सुंदर फूल खिले हैं।
नदियां झरने जंगल इसमें,
पर्वत बड़े-बड़े हैं।
इन फूलों को तोड़ न पाए नहीं किसी में जोर
हम नन्हे-मुन्ने बच्चे हैं मत समझो कमजोर।।
वीर सिपाही पहरा देते,
दे कृषक हरियाली।
सुख-समृद्धि भारत अपनाए,
घर-घर है खुशहाली।।
आगे बढ़ता देश हमारा है विकास चहुंओर।
हम नन्हे-मुन्ने बच्चे हैं मत समझो कमजोर।।
निर्मल नदियां बहतीं हरदम,
कल-कल करती रहतीं।
शुभ्र हिमालय उच्च चोटियां,
गौरव गाथा कहतीं।।
कोयल मीठा गीत सुनाए जब हो जाती भोर।
हम नन्हें-मुन्ने बच्चे हैं मत समझो कमजोर।।



बोलने की आजादी

मंच पर बोलने के नाम से ही भावेश के हाथ-पांव फूल जाते थे। इस बार दोस्तों ने उसका नाम पंद्रह अगस्त के कार्यक्रम में भाषण के लिए लिखवा दिया। पारस सर ने भी कार्यक्रम में बोलने के लिए उस पर जोर डाला। फिर भी भावेश बोलने से बचता रहा, बहाने बनाता रहा। क्या वह पंद्रह अगस्त के कार्यक्रम में कुछ बोल पाया?



कहानी
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



सभी इनोज एआई

भावेश बुरा फंसा। फंसा क्या, फंसा दिया गया। उसके दोस्तों ने ही फंसा दिया। स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के लिए तैयारियां चल रही थीं। उसके दोस्तों ने पारस सर से कह दिया, 'सर! भावेश का भी नाम लिख लीजिए। आज तक उसे किसी भी कार्यक्रम में बोलने का मौका नहीं मिला।'

यह सच था, लेकिन भावेश को बोलना ही कहां आता था। मंच पर बोलने के नाम पर उसे बिना बुखार के कंपकंपी छूटती थी। उसने बड़े ही अनुनय और विनम्र भाव से कहा, 'नहीं! नहीं सर! मुझे नहीं बोलना है।'

'क्यों नहीं बोलना है?' पारस सर की आवाज में तल्खी थी। वे उसका नाम लिख चुके थे। उन्होंने सख्ती से कहा, 'तुम्हें तीन मिनट बोलना है। कल तैयारी करके आना। मैं चेक करूंगा।' बेचारा भावेश। वह रुआंसा हो आया। उसने अपने दोस्तों को घूरा। वे सब मुस्कुरा रहे थे।

भावेश वैसे तो खूब बोलता था, लेकिन मंच पर न बाबा न! एक बार बोलने गया था तो आंखों के आगे काले-काले धब्बे जैसे भूत नाचने लगे, थोड़ी देर बाद वह मंच पर ही गिर पड़ा था। अकेले में यह सब बातें उसने सर को बताईं। सर मुस्कुराए, बोले 'अरे! तुम्हारा बीपी लो हो गया होगा। तुम्हें मैं छूट देता हूं। किसी भी विषय पर बोल सकते हो, लेकिन बोलना है। अरे! कोशिश नहीं करोगे तो जीवन भर नहीं सीख पाओगे।' यह कहकर सर आगे बढ़ गए।

बेचारा भावेश! सर उससे रोज क्लास में पूछते, 'तुमने भाषण तैयार किया?'

वह नपा-तुला उत्तर देता, 'सर! अभी तैयारी तो नहीं हो सकी। बोलने की कोशिश तो बहुत कर रहा हूं लेकिन...!' 'शीशे के सामने खड़े होकर बोले?' एक दोस्त ने पूछा तो भावेश ने गुस्से में उसे अच्छा-खासा लेक्चर दे दिया। सर ने डांटा, समझाया भी, 'ऐसे तो खूब बोले जा रहे हो। मंच पर बोलने से क्यों भागते हो?'

अगला पीरियड नागरिक शास्त्र का था। सर ने अनुच्छेद-19 के बारे में पढ़ाया। उन्होंने बताया, 'देश के हर नागरिक को बिना भय के अपने विचार प्रस्तुत करने की आजादी दी गई है। हमें अपने विचार बोलकर या लिखकर प्रस्तुत करने की पूरी आजादी है। आजादी के अपने इस अधिकार को समझना चाहिए। यह लोकतंत्र की पहचान है। हमें मौन रहने का भी अधिकार है। कुछ न बोलने या चुप रहने की भी आजादी है।'

अभिव्यक्ति के अधिकार के बारे में जानकारी सभी को अच्छी लगी, लेकिन भावेश ने इसे अपने हिसाब से समझा। उसने तय कर लिया था कि अब अगर उससे बोलने को कहा गया तो वह स्पष्ट रूप से मना कर देगा। पूरे तर्क के साथ मना करेगा। उदाहरण देते हुए और अनुच्छेद बताते हुए कि मुझे मौन रहने का भी अधिकार है। भावेश ने घर जाकर अभिव्यक्ति के अधिकार के बारे में और अधिक पढ़ा। यू-ट्यूब पर कई वीडियोज भी देखे। उसकी अच्छी-खासी तैयारी हो गई। उसका भाग्य अच्छा था कि पारस सर पता नहीं क्यों तीन दिन स्कूल ही नहीं आए। अब तो बोलने की बात आई-गई हो गई। भावेश के पास बहानेबाजी के लिए भी पूरा मौका था। सर उसे बोलने को कहेंगे तो वह झूठ बोल देगा, 'मैं तो अपना भाषण लिखकर लाया था, लेकिन आप आए नहीं थे। इसीलिए मैं अपना भाषण चेक नहीं करा पाया। सर जी समझ जाएंगे कि फिर बोलने का क्या मतलब?'

पंद्रह अगस्त आया। पारस सर कार्यक्रम का संचालन कर रहे थे। कुछ बच्चों ने गीत गाए। एक नाटिका का मंचन हुआ। भावेश निश्चिंत होकर सबका आनंद ले रहा था। अचानक सर ने उसका नाम पुकार दिया। यह कहते हुए, 'भाषण का एक रूप आशु भाषण भी होता है। जहां दिए गए किसी विषय पर तुरंत बोलना पड़ता है। चूंकि भावेश ने कोई टॉपिक नहीं लिखाया था, इसलिए मैं उसे पूरी छूट देता हूं कि वह किसी भी मनचाहे विषय पर अपनी बात रखे। हां, समय का ध्यान रहे। तीन मिनट से ज्यादा नहीं।'

भावेश सकते में था, 'वाह सर जी!' उसने देखा, उसके दोस्तों के चेहरों पर शरारत भरी मुस्कान थी। भावेश एक झटके में उठा। नागरिक शास्त्र का पीरियड याद आया। इस बार आंखों के आगे काले धब्बे नहीं तैरे। मन में कोई डर भी नहीं था। हां, गुस्सा जरूर था। उसने अनुच्छेद-19 का हवाला देते हुए बोलना शुरू किया। ऐसा लग रहा था कि वह नाराजगी जता रहा है, दोस्तों से, सर से। लेकिन यह क्या, उसके एक-एक वाक्य पर खूब तालियां बज रही थीं। तीन नहीं, वह पूरे सात मिनट बोलता रहा। वह भी धाराप्रवाह। उसे रोका गया, नहीं तो वह अभी और बोलता। कुछ न बोलने के लिए अपनी बात रखने के नाम पर वह कितना बोल गया था और कितना अच्छा बोल गया था कि मुख्य अतिथि महोदय खुद को रोक न सके। उन्होंने उसे तुरंत बुलाया, उसकी पीठ थपथपाई। सौ रुपए पुरस्कार में दिए और कहा, 'तुम तो बहुत अच्छे वक्ता हो। तुमने तो कमाल ही कर दिया। लगता है खूब पढ़कर आए हो।' भावेश अपनी पंक्ति की ओर लौटा। उसे देखकर मुस्कुराने वाले बच्चों की आंखों में अचरज और आदर का भाव था। वे भी समझ चुके थे कि अगर विषय पर पकड़ हो तो मंच पर बोलना कोई कठिन काम नहीं है। *

कविता / नीता अवस्थी

अपना हिंदुस्तान

तीन रंग से बना राष्ट्र-ध्वज,
चक्र बीच में शान है।
दुनिया भर में सबसे प्यारा
अपना हिंदुस्तान है।।
नियमित हम विद्यालय जाते,
करते खूब पढ़ाई।
अपने मतलब से मतलब है,
करते नहीं लड़ाई।।
नन्हे-मुन्ने हैं हम बच्चे,
केसरिया परिधान है।
दुनिया भर में सबसे प्यारा
अपना हिंदुस्तान है।।
अपने पेड़-पहाड़ सभी हैं,
अपनी ही हरियाली।
अपने बाग-बगीचे हैं सब,
घर-घर में खुशहाली।।
अपने पोखर अपने किसलय,
खेत और खलिहान हैं।
दुनिया भर में सबसे प्यारा
अपना हिंदुस्तान है।।



जीके क्विज-218

1. भारत के राष्ट्रीय ध्वज के मध्य में स्थित चक्र का प्रतीक चिह्न कहां से लिया गया है?
2. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के रचयिता कौन हैं?
3. अंगेजों के खिलाफ पहली क्रांति किस वर्ष हुई थी?
4. महात्मा गांधी को पहली बार राष्ट्रपिता कहकर किसने संबोधित किया था?
5. भारत के वर्तमान सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) कौन हैं?
6. गांधीजी ने अपना पहला सत्याग्रह कहां किया था?
7. असहयोग आंदोलन कब शुरू हुआ था?
8. किस आंदोलन के दौरान 'करो या मरो' का नारा दिया गया था?
9. राष्ट्रगान गायन में लगने वाला आदर्श समय कितना है?
10. स्वतंत्र भारत के पहले और आखिरी भारतीय गवर्नर जनरल कौन थे?



बच्चो, जीके क्विज-218 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-217 का उत्तर : 1.13 गोल्ड मेडल, 2.सिल्वर मेडल, 3.ज्योतिरादित्य सिंधिया, 4.भगवान महावीर, 5.नाइट्रोजन, 6.1857 ई., 7.18 वर्ष, 8.सर्वपल्ली राधाकृष्णन, 9.पत्तियां, 10.किडनी

जीके क्विज-217 का सही उत्तर देने वाले : ऊर्जस्वी-सारंगढ़-बिलाईगढ़, मन्नत-कैथल, महिमा-ईमेल से, अर्पित-रायपुर, विवेक-दुर्ग, सान्या-बिलासपुर, हर्षिता-बलौदा बाजार, दिव्या-जांजगीर, आयुष-कैथल, जिया शिया-रायगढ़,

रंग भरो-208

रंग भरो-208 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्या, बिलासपुर



रेयांश, बिलासपुर



आशना, जांजगीर



रिया, झज्जर



डॉली, दुर्ग



समृद्धि, शहडोल

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिशा-बिलासपुर, प्रियांशु-महासमुंद, राजवर्धन-धमतरी, प्रियंका-रायपुर, प्रगति-बिलासपुर, सुमन-भोपाल, मधु-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, तेजस-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी

रंग भरो 209



बच्चो, यहां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद, तिरंगे को सलामी देते हुए बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।





राजकुमार अभिनीत प्रहार की रिलीज डेट बढ़ी आगे

मुंबई। अभिनेता राजुकमार राव अपनी अपकमिंग फिल्म 'प्रहार' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इसका टीजर रिलीज किया गया है। साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस की गई थी। लेकिन, अब मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया है। 'प्रहार' में वकील उज्जवन निकम की कहानी दिखाई गई है। उन्होंने 2008 के 26/11 हमले के आरोपी अजमल कसाब को फांसी दिलाने के लिए संघर्ष किया था। पहले ये फिल्म 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। अब इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ाकर 16 अक्टूबर कर दी गई है। साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा- 'अब होगा जस्टिस का 'प्रहार।'



लाइफ Style

श्रिया

आवारापन के फ्लॉप होने से हुई थीं निराश

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म आवारापन ने समय के साथ इस फिल्म ने दर्शकों के बीच अपनी अलग पहचान बनाई और आज इसे एक कल्ट फिल्म के तौर पर देखा जाता है। फिल्म में इमरान हाशमी, श्रिया सरन और मृणालिनी शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आए थे।

अब फिल्म के सीक्वल 'आवारापन 2' की रिलीज से पहले श्रिया सरन ने फिल्म से जुड़ी पुरानी यादें साझा की हैं। श्रिया सरन ने एक बातचीत में बताया, 'जब फिल्म रिलीज हुई थी, तो हम सभी को इससे बहुत उम्मीदें थीं। लेकिन, मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों हुआ। मुझे लगता है कि यह फिल्म अपने समय से काफी आगे थी। इसे कुछ अवॉर्ड शो में नॉमिनेशन भी मिला था, लेकिन उन्होंने मुझे इनवाइट तक नहीं किया।' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें लगा था कि 'आवारापन' को दर्शक खूब पसंद करेंगे और फिल्म को सेलिब्रेट किया जाएगा। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ, जिसकी वजह से वह काफी निराश हुई थीं। श्रिया ने बताया कि फिल्म की रिलीज के कई साल बाद भी लोग उनसे मिलकर आवारापन की तारीफ करते हैं। पहले उन्हें लगता था कि शायद लोग फिल्म के गानों की वजह से इसे पसंद करते हैं, क्योंकि फिल्म का म्यूजिक काफी पॉपुलर था और इमरान हाशमी की परफॉर्मेंस भी शानदार थी। लेकिन, अब श्रिया को लगता है कि लोगों को फिल्म की कहानी और उसकी भावनाओं ने जोड़ा था। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत ही इंटेंस कहानी थी और दर्शकों ने इसे दिल से महसूस किया।

टीवी मसाला



दूरदर्शन का वो शो, जिसके सेट पर जिंदा जल गए थे 52 लोग

नई दिल्ली। बड़े पर्दे से की तरह ही भारतीय टेलीविजन का इतिहास भी उतना ही शानदार रहा है। टीवी पर कई ऐसे शोज आए, जिन्होंने सालों तक अपनी धाक जमाई। लेकिन, वहीं एक ऐसा टीवी शो भी है, जिसे काफी 'मनहूस' माना जाता है। इस शो के सेट पर ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ था, जिसे याद करके आज भी लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते हैं। ये वो दौर था जब तकनीक और सुरक्षा के इंतजाम आज के हिसाब जितने पुख्ता नहीं हुआ करते थे। इसी दौर में करीब 32 साल पहले एक बिग बजट धारावाहिक की शूटिंग के दौरान एक ऐसा खौफनाक हादसा हुआ, जिसने पूरी एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को हिलाकर रख दिया। इस हादसे ने एक-दो नहीं, बल्कि पूरे 52 लोगों की जान चली गई थी। दरअसल, हम जिस शो की बात कर रहे हैं उसका नाम है 'द स्वॉर्ड ऑफ टीपू सुल्तान'। यह 90 के दशक का एक बेहद भव्य और ऐतिहासिक शो था। इस शो को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। इस शो के निर्माता, निर्देशक और मुख्य अभिनेता खुद मशहूर फिल्ममेकर संजय खान थे। उनके साथ शो में अनंत महादेवन, दीपिका चिखलिया और शहबाज खान जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रहे थे। 'द स्वॉर्ड ऑफ टीपू सुल्तान' शो दूरदर्शन पर 25 फरवरी 1990 से 14 अप्रैल 1991 तक प्रसारित हुआ था। 8 फरवरी 1989 का वह दिन इस शो की पूरी टीम के लिए 'मनहूस' और डरावना साबित हुआ। इस शो की शूटिंग कर्नाटक के मैसूर में स्थित प्रसिद्ध प्रीमियर स्टूडियो में चल रही थी। एक बड़े सीन को फिल्माने की तैयारी चल रही थी, तभी अचानक आग लग गई। हर तरफ अफरा-तफरी मच गई। स्टूडियो के अंदर वेंटिलेशन का कोई इंतजाम नहीं था। साथ ही सेट पर ज्वलनशील सामग्रियों जैसे आतिशबाजी (पटाखे) मौजूदगी थे, जिसके कारण आग ने चंद मिनटों में ही विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया।



प्रियंका ने साझा की एम्प्रेस की पहली तस्वीर

मुंबई। एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की 63वीं बर्थ एनिवर्सरी पर उनकी बायोग्राफी की पहली तस्वीर साझा की है। 'एम्प्रेस' नाम से रिलीज होने वाली इस बायोग्राफी में एक्ट्रेस के बचपन और फिल्मी सफर से जुड़ी कई बातें होगीं। प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर श्रीदेवी को लेकर एक स्टोरी शेयर की। उन्होंने स्टोरी में अभिनेत्री के जीवन पर आधारित बायोग्राफी 'एम्प्रेस' का कवर फोटो शेयर किया। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, 'असीमित प्रतिभाशाली एक्ट्रेस, आपकी बहुत याद आती है। जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं...।' प्रियंका ने जो फोटो शेयर की उसमें बुक की कवर फोटो पर श्रीदेवी सफेद रंग की ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। 2023 में वेस्टलैंड बुक्स ने मशहूर अभिनेत्री श्रीदेवी के जीवन पर आधारित किताब लाने की घोषणा की थी।

बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं एल्विश...



मुंबई। एल्विश यादव अब जल्द ही बॉलीवुड में बतौर एक्टर डेब्यू करने वाले हैं। यूट्यूबर से रियलिटी शो स्टार और अब बॉलीवुड एक्टर तक का उनका सफर काफी खास रहा है। गुरुवार को एल्विश ने अपने एक्स अकाउंट पर फैंस का शुक्रिया अदा किया और कहा कि आज वह जो कुछ भी हैं, अपने फैंस के प्यार और सपोर्ट की वजह से हैं। एल्विश ने एक्स पर अपनी नई फिल्म का ऐलान करते हुए लिखा, 'नई फिल्म। नया सफर। मैं बाहर से आया हूं। बॉलीवुड में मेरा कोई नहीं था। आप लोगों के बीच से उठकर आया और आपके प्यार ने मुझे अब बड़े पर्दे तक पहुंचा दिया। आज जो कुछ भी हूं, आपके प्यार की वजह से हूं।

मुझे हमेशा क्राइम पेट्रोल के लिए याद रखेंगे



नई दिल्ली। हाल ही 'क्राइम पेट्रोल' ने अपने नए सीजन 'क्राइम पेट्रोलः क्राइम का करेंट सीजन' का प्रोमो फैंस के साथ शेयर किया था। इस बार शो के होस्ट अनूप सोनी को अजय देवगन ने रिप्लेस किया है। एक बातचीत में अनूप ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इस मामले पर अनूप ने एएनआई को अपनी प्रतिक्रिया दी। अनूप ने कहा, 'लोग मुझे हमेशा 'क्राइम पेट्रोल' के लिए याद रखेंगे। इस सो को होस्ट करने से पहले दर्शक मुझे 'बालिका वधू' के लिए जानते थे। मगर शो होस्ट करने के बाद 'क्राइम पेट्रोल' ही मेरी पहचान बन गया।'अनूप सोनी ने बताया कि जब क्राइम पेट्रोल का ऑफर आया था तो वह अभिनेता से होस्ट बनने का निर्णय नहीं ले पा रहे थे। मगर अभिनेता अनिल कपूर ने उन्हें सुझाव दिया।

बंटवारा 1947 से आवारापन 2 तक

आज ये फिल्में सिनेमाघरों में मचाएंगी तहलका

नई दिल्ली। 14 अगस्त फिल्म लवर्स के लिए काफी खास होने वाला है। एक तरफ सनी देओल बॉक्स ऑफिस पर ललकारेंगे. वहीं दूसरी तरफ इमरान हाशमी का जुनूनी अवतार देखने को मिलेगा। इमरान को फिर से रोमांटिक रोल में देखा जाएगा। वहीं, साउथ स्टार सूर्या भी अपना चार्म फैलाने के लिए तैयार हैं।



बंटवारा 1947

फिल्म में सनी देओल लीड रोल निभा रहे हैं। इस फिल्म को राजकुमार संतोषी ने बनाया है। फिल्म में सनी देओल के अपोजिट प्रीति जिंटा, करण देओल, शबाना आजमी जैसे स्टार्स नजर आएंगे। फिल्म को लेकर बहुत बज है। आमिर खान फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। सनी देओल एक बार फिर अपना एक्शन अवतार दिखाएंगे।

आवारापन 2

इस फिल्म में इमरान हाशमी नजर आएंगे। फिल्म को मुकेश भट्ट ने प्रेजेंट किया है। विशेष भट्ट ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में इमरान हाशमी को जुनूनी अवतार में देख पाएंगे। वो बदले की आग में जलते हुए दिखेंगे. फिल्म में दिशा पाटली, शबाना आजमी जैसे स्टार्स भी होंगे. फिल्म में वो शिवम पंडित के रोल में हैं।

विश्वनाथ एंड सन्स : इस फिल्म में सूर्या लीड रोल में हैं। फिल्म तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी। ये फैमिली ड्रामा है। इसमें रोमांस भी देखने को मिलेगा. फिल्म में ममिथा बैजू, रवीना टंडन, राधिका सरथकुमार जैसे स्टार्स होंगे। फिल्म को वेंकी अटलुरी ने डायरेक्ट किया है। सूर्या की साउथ में तगड़ी फैन फॉलोइंग है।

एवेंजर्सः डूम्सडे में पिटने वाले हैं कैप्टन अमेरिका

लॉस एंजिल्स। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की धड़कनें तेज हैं। हर किसी को 18 दिसंबर का इंतजार है, जब 'एवेंजर्सः डूम्सडे' सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कैप्टन अमेरिका यानी एक्टर क्रिस इवांस ने फिल्म में अपने किरदार की कहानी को लेकर तगड़ा हिंट दिया है। क्रिस इवांस ने बताया कि इस बार उनके किरदार की कहानी 'बहुत जबरदस्त और कठोर' है। क्रिस इवांस जब फैंस के सवालों का जवाब दे रहे थे, तब उन्होंने डायरेक्टर रूसो ब्रदर्स के बारे में मजेदार अंदाज में कहा, 'डूम्सडे' के डायरेक्ट रूसो ब्रदर्स को फिल्म में स्टीव रोजर्स के किरदार की पिटाई करना पसंद है। उनकी पसंदीदा चीज उसे बुरी तरह पीटना है। उनके लिए यही चीज है जो उसे एक हीरो बनाती है। कोई ऐसा व्यक्ति जिसे कई बार मुक्का मारा जाए, लेकिन वह फिर भी उठ खड़ा हो। इसलिए वो उसे पीटने के नए-नए तरीके ढूंढते रहते हैं।' एक्टर ने आगे कहा, 'मैं इतना कहना चाहूंगा कि इस बार स्टीव रोजर्स उर्फ कैप्टन अमेरिका की स्टोरीलाइन सबसे बूटल और सबसे जबरदस्त होगी।' 'एवेंजर्सः डूम्सडे' में क्रिस इवांस के अलावा मार्वल सुपरहीरोज की पूरी फौज है। 'फैंटास्टकि फोर' से लेकर 'थंडरबोल्ट्स' और 'एक्स-मैन' तक, हर फ्रेंचाइज के सुपरहीरोज इस फिल्म का हिस्सा होंगे।







8 साल की सगाई, लेकिन शादी कभी नहीं, मानेक के साथ अनोखा रिश्ता निभा रही हैं पूजा

मुंबई। बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री पूजा बेदी और उनके मंगेतर मानेक कॉन्ट्रैक्टर की सगाई को 8 साल बीत चुके हैं, लेकिन दोनों ने अब तक शादी नहीं की है। लंबे समय से फैंस के मन में यह सवाल था कि यह जोड़ी कब सात फेरे लेगी। अब पूजा बेदी ने अपनी शादी की योजनाओं को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने साफ़ कर दिया है कि समय के साथ शादी को लेकर उनके विचार पूरी तरह बदल चुके हैं और अब उनका मानेक के साथ शादी के बंधन में बंधने का कोई इरादा नहीं है। पूजा बेदी ने बताया कि मानना है कि रिश्ते में सगाई के जरिए जो कमिटमेंट मिली है, वही उनके लिए पर्याप्त है। उनका कहना है कि कानूनी रूप से शादी करना उनके साझा जीवन की प्राथमिकताओं में फिट नहीं बैठता। अभिनेत्री ने स्पष्ट किया कि जब कोई व्यक्ति आपकी उंगली में अंगूठी पहनाकर आपके साथ जीवन बिताने का वादा करता है तो वही सबसे महत्वपूर्ण कदम होता है। उनका मानना है कि एक-दूसरे का साथी, प्रेमी और जीवनभर का हमसफर बनने की भावना ही मुख्य है, इसके बाद कागजों पर हस्ताक्षर करके सरकार को अपने निजी रिश्ते में शामिल करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने बदला हाईकोर्ट का फैसला, मेडिकल कॉर्पोरेशन पर लगा जुर्माना रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन की कार्य शैली और नियम आधारित टेंडर प्रक्रिया पर सुप्रीम कोर्ट ने अपनी मुहर लगा दी है। अदालत ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें सीजीएमएससी पर एक लाख का जुर्माना (हर्जाना) लगाया गया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद प्रशासन ने कहा, यह स्पष्ट हो गया है कि कंपनी की टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह साफ-सुथरी और नियमों के हिसाब से थी। निगम ने कहा है कि वह आगे भी राज्य की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पूरी ईमानदारी के साथ काम करता रहेगा। इसके पूर्व एक निजी फर्म की याचिका पर सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पहले सीजीएमएससी की टेंडर प्रक्रिया को त्रुटिपूर्ण माना था और कॉर्पोरेशन पर हर्जाना लगाया था।

दवा खरीदी की टेंडर प्रक्रिया को लेकर ठेकेदार ने की थी शिकायत



यह था मामला

टेंडर से जुड़े एक मामले में एक ठेकेदार ने हाईकोर्ट में शिकायत की थी, जिसके बाद हाईकोर्ट ने सीजीएमएससी पर 1 लाख का जुर्माना लगा दिया था। इसके खिलाफ सीजीएमएससी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सुनवाई में पाया कि निगम की तरफ से कोई गलती नहीं हुई थी। अदालत ने माना कि ठेकेदार ने फॉर्म में जो अपनी ऑफिशियल ईमेल आईडी दी थी, उसी पर समय रहते सारी जरूरी जानकारियां और मैसेज भेजे गए थे। ठेकेदार ने तय समय में जवाब नहीं दिया, इसलिए नियमों के तहत ही उसे टेंडर से बाहर किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, पूरे मामले में सीजीएमएससी का काम बिल्कुल सही था और उस पर लगा एक लाख का जुर्माना गलत है।

बस्तर की जनता की जीत हुई नक्सलवाद हार गया : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप आज दंतेवाड़ा के श्यामगिरी पहुंचे। उन्होंने श्यामगिरी में हुई 2019 वे घटना स्थल पर पहुंच कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

- तिरंगा यात्रा पहुंची दंतेवाड़ा के श्यामगिरी

स्थानीय लोगों, चश्मदीदों और स्व. भीमा मंडावी के सहयोगियों ने घटना की विभीषिका को बयां किया।

मंत्री द्वय ने अरनपुर और श्यामगिरी में हुई घटनाओं के 13 शहीदों की याद में पौधरोपण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से आत्मीयता से मुलाकात की। मंत्री द्वय ने शहीद परिवारों से मुलाकात कर उनसे चर्चा कर प्राप्त हो रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इस संवेदनशील पल में सभी की आंखें नम हो गयीं, जब उन्होंने अपने साथी रहे और तत्कालीन दंतेवाड़ा विधायक स्व. भीमा मंडावी की पत्नी ओजस्वी मंडावी से मुलाकात की। सभी ने शहीदों की याद में मौन रखकर उन्हें याद किया गया।

समूह की महिलाओं से की चर्चा

उप मुख्यमंत्री ने वहां आई बिहान समूह की महिलाओं से चर्चा की और उन्हें लघु वनोपज प्रसंस्करण का प्रशिक्षण लेकर कार्य करने को कहा। उन्होंने बताया कि अब छत्तीसकला ब्रांड के अंतर्गत अब शासन द्वारा सहायता बिहान उत्पादों को सहायता उपलब्ध कराई जा रही है जिसका अवश्य लाभ लें।

कई लोगों की शहादत के बाद तिरंगा फहरा पा रहे

गृहमंत्री ने कहा कि तिरंगा फहराने के लिए हमने बड़ा संघर्ष किया है। कई लोगों की शहादत के बाद आज हम शान से तिरंगा लहरा पा रहे हैं। पहले तिरंगा फहराने पर नक्सलियों द्वारा डराया जाता था, अब कोई भी हमें तिरंगा फहराने से रोकने वाला नहीं है। मतलब अब भारत का संविधान हर कोने में लागू होगा बिना किसी डर के। उन्होंने सभी से अपने घर के तिरंगा लगाने और अपने पड़ोसियों को भी प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर आप तिरंगा यात्रा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं तो सोशल मीडिया पर तिरंगा जरूर लगाएं और सभी को लगाने को कहें। उन्होंने कहा कि बस्तर की जनता जीत गयी और नक्सलवाद हार गया है। बस्तर की जनता के संकल्प ने नक्सलावाद को जड़ से मिटाने का कार्य किया है।

सबने कुछ न कुछ खोया बच्ची ने तो आंखें खो दीं

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों में से सभी ने नक्सल हिंसा में किसी ना किसी को खोया, किसी ने अपना मित्र, किसी ने भाई, पिता, रिश्तेदार, जानने वाले और किसी ने स्वजन को खोया है। उन्होंने बताया कि जब केन्जा नक्सली मनवा माटा अभियान के तहत नक्सल पीड़ति राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे तो एक छोटी सी बालिका ने बताया था कि कैसे उसने नक्सल हिंसा में अपने दोनों आंखों को खो दिया था।

बचेली मार्ग होगा भीमा मंडावी के नाम पर, करेंगे अनुसंशा

ग्रामीणों की मांग पर उप मुख्यमंत्री ने नकुलनार से बचेली मार्ग का नामकरण शहीद भीमा मंडावी के नाम पर करने की अनुसंशा करने की बात कही इसके लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण करने कलेक्टर को निर्देशित किया। इस अवसर पर सभी ने एक पेड़ शहीदों के नाम के तहत पौधारोपण किया और घटना स्थल से मिट्टी लेकर संग्रहित किया। इस दौरान सांसद महेश कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, आईजी बद्री नारायण मीणा, कलेक्टर, एसपी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मंत्री द्वय ने राष्ट्रपति भवन में जाकर आई बस्तर पंडुम विजेता अरनपुर की मांदरी दल से मुलाकात कर उनसे बातें की।

खबर संक्षेप

पानी में डूबने से युवकी की मौत

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 33 निवासी 40 वर्षीय मोनू विश्वकर्मा पिता स्व. सन्केर का पानी में डूबने के कारण 12 अगस्त को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक की मौत पानी में डूब जाने से हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

जहर पीने से बीमार वृद्धा ने तोड़ा दम

धमतरी। लकवा की बीमारी से पीड़ित वृद्धा ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम चोरभट्ठी निवासी प्रेमीन बाई साहू पति बलराम उम्र 65 वर्ष लकवा की बीमारी से पीड़ित थी। मंगलवार की रात्रि वृद्धा के खांसने की आवाज सुनकर उसका पुत्र घनश्याम साहू देखने के लिये उसके पास गया जहां वृद्धा ने उल्टी की थी। पूछने पर वृद्धा ने जहर सेवन कर लेने की बात कही। परिजन वृद्धा को उपचार के लिये कुरूद अस्पताल ले गये जहां से रिफर करने पर वृद्धा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान गुरूवार की सुबह वृद्धा की मौत हो गई।

करंट लगने से हुई मौत, मर्ग कायम

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 77 निवासी 65 वर्षीय अमल बढ़ाई को करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर ले जाया गया, लेकिन उसकी 12 अगस्त को मौत हो गई।

सर्पदंश मामले में फरार है डाक्टर एसएन गोले

सिम्स का फॉरेंसिक डाक्टर फरार 35 से अधिक पीएम रिपोर्ट अटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्पदंश से मौत के फर्जी दस्तावेज के मामले में फरार आरोपी डाक्टर के चलते सिम्स में 35 से अधिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट लंबित है। पीएम रिपोर्ट नहीं मिलने के कारण मृतक के परिजन एलआईसी दावा आपत्ति और जमानत के लिए चक्कर काट रहे हैं। खास बात यह है कि सिम्स और पुलिस ने इस मामले में हाथ खड़ा कर दिया है, जिसके बाद से परिजनों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 3 माह से सर्पदंश का मामला छाया हुआ है, जिले के सबसे बड़े अस्पताल सिम्स से शुरू हुए मामले में अबतक 19 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, लेकिन मामले में कई आरोपी अभी भी फरारी काट रहे हैं। मामले में सिम्स के तत्कालीन फारेंसिक विभाग के डाक्टर और पीएम एक्सपर्ट डॉ एसएन गोले भी फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी सरगर्मी से तलाश कर रही है, लेकिन डॉ गोले के फरार रहने से सिम्स के 35 पीएम प्रकरण लंबित है। इन पीएम रिपोर्ट पर डॉ गोले के ही हस्ताक्षर होने है, लेकिन फरार होने के बाद से अब तक पीएम रिपोर्ट नहीं मिल सकी है। पुलिस विभाग के अनुसार ऐसे 35 मामले हैं, जिसमें पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। पीएम रिपोर्ट के इंतजार में कई पुलिसिया केस में जमानत अर्जी तक नहीं सुनी जा रही है, वहीं एक्सीडेंटल इंश्योरेंस क्लेम, एलआईसी क्लेम तक अटक चुके हैं। यहीं कारण है कि पीएम रिपोर्ट के लिए परिजन जांजगीर, मुंगेली और जिले के दूर दराज से सिम्स की चौकी और फारेंसिक विभाग के चक्कर काटने को मजबूर है।

- जांजगीर, मुंगेली और अन्य जिलों से पहुंचते हैं परिजन



कानूनी पेंच फंसा, डाक्टरों ने किए हाथ खड़े

बताया जा रहा है कि डॉ. एसएन गोले कई सालों से सिम्स में पीएम रिपोर्ट जारी करते रहे हैं, उन्होंने जिन मृतकों के शव का पीएम किया है, उसकी रिपोर्ट भी उन्हें ही देनी है। अन्य डाक्टर चाह कर भी रिपोर्ट नहीं दे सकते हैं। डाक्टरों का कहना है कि कानूनी दांव के कारण जिन डाक्टरों के द्वारा पीएम किया जाता है, उन्हें ही हस्ताक्षरित पीएम रिपोर्ट विभाग और पुलिस को सौंपनी पड़ती है। ऐसा नहीं करने पर डाक्टर के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत सजा का प्रावधान भी है।

अंबिकापुर में बर्खास्त हो चुके थे डा. गोले

सूत्रों के अनुसार साल 2021 में डॉ एसएन गोले शासकीय रघुनाथ जिला अस्पताल अंबिकापुर में संविदा डाक्टर के पद पर काम कर रहे थे। पीएम करने के दौरान डाक्टर गोले ने मृतक के परिजनों से 50 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर मांगे थे। परिजनों ने 10 हजार रूपए दिए थे। इस दौरान मामला जमकर उठा था और तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के संज्ञान में आने के बाद डॉ. एसएन गोले को बर्खास्त कर दिया था।

जानकारी ली जाएगी

पीएम रिपोर्ट वही डाक्टर दे सकता है, जिसने मृत बॉडी को देखा है और उसका बिसरा लिया है। डॉ. गोले सिम्स में उपस्थित नहीं हो रहे है। पीएम रिपोर्ट क्यों नहीं मिल रही है। इसकी जानकारी विभाग से ली जाएगी लेकिन किसी अन्य डाक्टरों को पीएम रिपोर्ट देने के लिए नहीं लगाया जा सकता है।

डॉ. रमणेश मूर्ति, डीन
सिम्स, बिलासपुर

शहर के व्यापारियों के घरों में जांच एजेंसी की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के दो व्यापारियों के घर गुरुवार सुबह जांच एजेंसी की टीमों ने दस्तक दी। देर शाम तक जांच टीम इन व्यापारियों के घर में जांच-पड़ताल करती नजर आई। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जांच के लिए कौन से एजेंसी पहुंची हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव में जांच टीम ने गुरुवार सुबह 6 बजे 3 कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा। इनमें सत्यम विहार कॉलोनी में यश और रोमिल नाहटा एवं कामठी लाइन में कारोबारी मनीष भंसाली के ठिकाने पर जांच टीम ने पड़ताल की है। बताया गया कि राजधानी रायपुर से पहुंची जांच टीम ने संबंधित व्यापारियों के घर में दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह दबिश किस मामले को लेकर दी गई है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि डीएमएफ फंड में हुई गड़बड़ी को लेकर ही यह जांच पड़ताल की गई है।

- दस्तावेज, डिजिटल उपकरण और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले





स्वतंत्रता दिवस से पहले राष्ट्रपिता की 57 साल पुरानी प्रतिमा टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा



स्वतंत्रता दिवस से ठीक दो दिन पहले कोपरा नगर में उस समय सन्नाटा पसर गया, जब गांधी चौक में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की करीब छह दशक पुरानी प्रतिमा नगरीय प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि के लापरवाही के चलते टूटकर टुकड़ो में बिखर गई। राष्ट्रपिता के प्रतिमा को टुकड़ों में बिखरे देख नगरवासी नगर पंचायत कोपरा के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि पर भड़के हुए हैं।

जिस प्रतिमा के सामने हर वर्ष स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर पूरा नगर राष्ट्रपिता को नमन करता है, वही प्रतिमा राष्ट्रीय पर्व से पहले इस तरह खंडित हो गई। घटना ने नगरवासियों की आस्था और भावनाओं को गहरा आघात पहुंचाया है। प्रतिमा टूटने की खबर मिलते ही गांधी चौक पर लोगों की भीड़ जुट गई और नगर पंचायत की कार्यप्रणाली को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। बताया जा रहा है कि 15 अगस्त के आयोजन को लेकर गांधी चौक के आसपास साफ-सफाई और अन्य तैयारियां चल रही थीं। इसी दौरान बरगद के पेड़ की बढ़ी हुई शाखाओं की कटाई-छंटाई का कार्य कराया जा रहा था। इसी बीच पेड़ की एक बड़ी शाखा सीधे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जा गिरी। शाखा गिरने से करीब 57 वर्ष पुरानी प्रतिमा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर तीन टुकड़ों में टूट गई। कोपरा के गांधी चौक में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा लंबे समय से नगरवासियों के लिए श्रद्धा और सम्मान का केंद्र रही है। राष्ट्रीय पर्वों पर इसी स्थल पर ध्वजारोहण, माल्यार्पण और श्रद्धांजलि के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

14 किलो गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद पुलिस ने अवैध गांजा परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छुरा थाना क्षेत्र में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 14 किलोग्राम अवैध गांजा, टीवीएस जुपिटर स्कूटी और मोबाइल फोन सहित कुल करीब 7 लाख 45 हजार रुपये की सामग्री जब्त की है। पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के निर्देश पर जिले में अवैध गांजा परिवहन एवं बिक्री के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 10 अगस्त 2026 को थाना छुरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोंगरा तिराहा-बिरनीबाहरा मार्ग की ओर से स्कूटी में गांजा लेकर परिवहन कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मुख्य मार्ग पर वाहनों की जांच शुरू की। मटमैले रंग की टीवीएस जुपिटर स्कूटी क्रमांक CG-23-P-0438 को रोककर गवाहों की मौजूदगी में तलाशी ली गई। स्कूटी के सामने पैरदान में रखे कपड़े के थैले और डिक्की में टेप से लपेटकर गांजा रखा था।



जैकेट के शेष

बिजली कंपनी के कर्जदार...

प्रणाली में लाया जाएगा। पहले चरण में अगस्त 2026 से विकासखंड स्तर और उससे ऊपर के सभी सरकारी कार्यालय इस व्यवस्था में शामिल होंगे। खास बात ये है कि सरकारी दफ्तरों पर बिजली बिल का बकाया 3 हजार 432 करोड़ से अधिक अनुमानित है। विभागों को बकाया राशि चार समान किस्तों में चुकानी होगी। यह निर्णय ऐसे समय लिया गया है, जब राज्य के सरकारी विभागों पर मार्च 2026 तक 2,883.42 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया था। जून 2026 तक बिजली की अनुमानित मांग जोड़ने पर यह देनदारी बढ़कर 3,432.64 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। यही बढ़ता बकाया सरकार के लिए नई प्री-पैड व्यवस्था लागू करने का सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है।

राज्य में कितने सरकारी बिजली कनेक्शन : ऊर्जा विभाग के अनुसार 31 मई 2026 की स्थिति में राज्य में 1,65,727 शासकीय बिजली कनेक्शन हैं। इनमें से 1,43,800 कनेक्शनों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जबकि 22,741 विकासखंड एवं उच्च स्तरीय सरकारी कनेक्शनों को पहले चरण में प्री-पेड बिलिंग प्रणाली में शामिल किया जाएगा।

क्यों बदली जा रही व्यवस्था : अब तक सरकारी कार्यालयों में बिजली की खपत पहले होती थी और बाद में विभागों को बिल जारी किए जाते थे। समय पर भुगतान नहीं होने से बिजली वितरण कंपनी पर लगातार बकाया बढ़ता गया। नई व्यवस्था में संबंधित विभागों को पहले बिजली के लिए राशि जमा करनी होगी, जिसके बाद उसी राशि के अनुसार बिजली का उपयोग किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि इससे नए बकाया बनने पर रोक लगेगी और विभाग अपनी बिजली खपत पर भी अधिक नियंत्रण रख सकेंगे। **पुराने बकाया का क्या होगा** : सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्री-पेड प्रणाली लागू होने से पुराने बकाए समाप्त नहीं होंगे। 30 जून 2026 तक की बकाया राशि का भुगतान आगामी चार तिमाहियों में समान किस्तों में किया जाएगा। इसके लिए विभागवार बकाया राशि का सत्यापन कर भुगतान कार्यक्रम तय किया गया है। जुलाई-सितंबर 2026, अक्टूबर-दिसंबर 2026, जनवरी-मार्च 2027 और अप्रैल-जून 2027 के दौरान चार बराबर किस्तों में राशि जमा करनी होगी। **पेयजल और स्ट्रीट लाइट पर नहीं पड़ना चाहिए असर** : सरकार ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि भुगतान में देरी के कारण किसी भी हालत में पेयजल आपूर्ति, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट, स्वच्छता और अन्य आवश्यक नागरिक सेवाएं प्रभावित नहीं होनी चाहिए। यदि तकनीकी या भुगतान संबंधी समस्या आती है तो संबंधित नोडल अधिकारी सीएसपीडीसीएल के साथ समन्वय कर उसका तत्काल समाधान सुनिश्चित करेंगे। **हर महीने देनी होगी रिपोर्ट, लापरवाही पर होगी जवाबदेही** : सभी नगरीय निकायों को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक राज्य शहरी विकास अभिकरण की एनर्जी ऑडिट शाखा को अनुपालन रिपोर्ट भेजनी होगी। इसमें कुल कनेक्शन, प्री-पेड ग्रुप आईडी, बकाया राशि, भुगतान, रिचार्ज और वर्तमान बैलेंस का विवरण देना अनिवार्य होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि लापरवाही के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होती है या आवश्यक नागरिक सेवाएं प्रभावित होती हैं तो संबंधित नगरीय निकाय की जवाबदेही तय की जाएगी।

हंगामा और बवाल, धरे रह ...

बन पाई। सत्र के दौरान ही विपक्षी दलों की आलोचना और विभिन्न परमार्थ संगठनों की मांग के बाद विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन (एफसीआरए) विधेयक, 2026 को विस्तृत समीक्षा और संभावित सुझावों के लिए संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया।

सोने की छड़, सात बिस्किट...

बल क्राइम ब्रांच नागपुर द्वारा तत्काल रेलवे सुरक्षा बल क्राइम ब्रांच रायपुर को सूचित किया गया तथा डीआरआई, नागपुर की टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई की योजना बनाई गई। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम द्वारा रायपुर से नागपुर तक ट्रेन में सघन जांच एवं निगरानी अभियान चलाया गया। जांच के दौरान भंडारा एवं नागपुर के बीच बी-12 कोच में दो संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित कर उनकी तलाशी ली गई, जिसमें उनके कब्जे से लगभग 1.242 किलोग्राम विदेशी सोना बरामद हुआ। बरामद सोने में 7 बिस्किट एवं 1 सोने की छड़ शामिल थी, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1.96 करोड़ रुपये आंकी गई है।

ग्रीन स्टील पर छत्तीसगढ़...

शामिल हुए। उन्होंने कहा, स्टील और खनन छत्तीसगढ़ की औद्योगिक पहचान की मजबूत नींव हैं और आगे भी हमारी ताकत बने रहेंगे। अब समय इस मजबूत नींव पर औद्योगिक विकास की नई इमारत खड़ी करने का है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य केवल स्टील उत्पादन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि छत्तीसगढ़ में उत्पादित स्टील का अधिकतम मूल्य संवर्धन भी प्रदेश के भीतर ही होना चाहिए। उन्होंने कहा, ग्रीन स्टील और डाउनस्ट्रीम मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ अब अपनी खनिज संपदा को प्रदेश के भीतर ही अधिक मूल्य, अधिक निवेश और अधिक रोजगार में बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ का स्टील प्राथमिक रूप में प्रदेश से बाहर जाने के बजाय यहीं ऑटो कम्पोनेंट्स, इंजीनियरिंग उत्पाद, रेलवे, रक्षा और सौर ऊर्जा उपकरणों जैसे डाउनस्ट्रीम एवं स्पेशियलिटी उत्पादों में परिवर्तित हो।

एनसीईआरटी-सीबीएसई में 2,529 पद खाली, संसदीय समिति ने जताई चिंता

स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहे दो अहम शिक्षा संस्थान

नई दिल्ली। देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था से जुड़ी दो प्रमुख संस्थाओं एनसीईआरटी और सीबीएसई में बड़ी संख्या में पद खाली पड़े हैं। संसद की एक समिति ने इन रिक्तियों पर चिंता जताते हुए जल्द और समयबद्ध तरीके से भर्ती करने की जरूरत बताई है। समिति की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है जब सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों और छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। एनसीईआरटी और सीबीएसई में बड़े पैमाने पर रिक्तियां ऐसे समय सामने आई हैं जब देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में इन दोनों संस्थाओं की जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं। संसदीय समिति ने अब इन पदों को समयबद्ध तरीके से भरने और खासकर सीबीएसई की परीक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त स्थायी स्टाफ सुनिश्चित करने की जरूरत बताई है।

समिति ने सीबीएसई में स्थायी कर्मचारियों की कमी पर भी गंभीर चिंता जताई है। रिपोर्ट के मुताबिक सीबीएसई में कुल 2,117 स्वीकृत पदों में से 933 पद खाली हैं। यह कुल स्वीकृत पदों का करीब 44 फीसदी है।

यह है रिपोर्ट

संसद की एस्टिमेट कमेटी की 2026-27 की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर 2025 तक एनसीईआरटी में कुल 2,844 पद स्वीकृत थे। इनमें से केवल 1,248 पदों पर कर्मचारी कार्यरत थे, जबकि 1,596 पद खाली थे। यानी एनसीईआरटी के स्वीकृत पदों में आधे से ज्यादा रिक्त हैं। रिक्त पदों में 145 अकादमिक, 131 स्कूल-शिक्षण, 916 मंत्रालयिक और 404 सहायक पद शामिल हैं। समिति ने कहा कि एनसीईआरटी देशभर में शिक्षा के स्वरूप और दिशा को प्रभावित करने वाली शीर्ष संस्था है, इसलिए इतने बड़े स्तर पर रिक्तियां तत्काल ध्यान देने योग्य हैं।

'कारोबारी माल्या और बैंकों के बीच विवाद खत्म होना चाहिए'

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भारत से भागकर लंदन में बसे बिजनेसमैन विजय माल्या की याचिका पर टिप्पणी की है। पीएमएलए एक्ट में स्पेशल कोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका की सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि बिज़नेसमैन विजय माल्या और बैंकों के बीच कमर्शियल विवाद अब खत्म हो जाना चाहिए। जस्टिस मिलिंद जाधव की सिंगल जज बेंच ने कहा कि यह मामला एक दशक से चल रहा है, इसका अब तार्किक नतीजे पर पहुंचना चाहिए। 2020 में विजय माल्या ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की एक स्पेशल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। माल्या की तरफ से कहा गया कि उनकी संपत्ति बैंकों को सौंपने का आदेश गलत था।



बेअंत के हत्यारे ने ठुकराई पैरोल

नई दिल्ली। पूर्व पंजाब मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे जगतार सिंह हवारा ने दिल्ली जेल विभाग की ओर से दी गई 2 दिन की पैरोल ठुकरा दी है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

निविदा क्रमांकः सी.ए.डो./सी./बी.एस.पी./26-27/14
दिनांकः 30.07.2026, (EPC)(ओपन ई-टेंडर) (टू पैकेट सिस्टम)

